
हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, बुधवार, 20 नवंबर 2024 अंक 38 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




CMYK

# 21 को जैसलमेर में होगी जीएसटी पर मीटिंग



> इंश्योरेंस टैक्स पर होगा फैसला

**नई दिल्ली.**

जीएसटी की तारीख सामने आ गई है. जीएसटी काउंसिल ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है. ट्वीट के अनुसार जीएसटी काउंसिल की 55वीं मीटिंग जैसलमेर में होगी. इस मीटिंग में हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर लगने वाले टैक्स पर फैसला लिया जाएगा. इस पर पिछली मीटिंग में काफी बातचीत हुई थी.

जिसे अगली मीटिंग के लिए छोड़ दिया गया था. आइए आपको बताते हैं कि आखिर जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में किस तरह के फैसले लिए जा सकते हैं. माल एवं सेवा कर परिषद की बैठक 21 दिसंबर को जैसलमेर में होगी, जिसमें हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर जीएसटी से छूट या कम दर को लेकर फैसला किया जा सकता है. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में उनके राज्य समकक्षों से मिलकर बनी परिषद दरों को सुसंगत करने पर भी कुछ फैसले कर सकती है. राज्य मंत्रियों की एक समिति की सिफारिशों के अनुसार आम इस्तेमाल की कई वस्तुओं पर कर दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत किया जा सकता है.

## दरों को घटाया जा सकता है

जीएसटी परिषद ने एक्स पर पोस्ट किया कि जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक 21 दिसंबर, 2024 को राजस्थान के जैसलमेर में होगी. काउंसिल ने 9 सितंबर को अपनी पिछली बैठक में जीओएम को इंश्योरेंस पर जीएसटी लगाने के बारे में रिपोर्ट देने को कहा था. रिपोर्ट को अक्टूबर के अंत तक अंतिम रूप देना था. पिछले महीने स्वास्थ्य और जीवन बीमा उत्पादों पर जीएसटी लगाने के बारे में मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठक हुई थी.

# भारतीय स्टेट बैंक ने शाखा का शताब्दी जश्न मनाया

**मुंबई.**

.भारतीय स्टेट बैंक की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हुए, भारत की माननीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण ने एसबीआई की प्रतिष्ठित हॉर्निमैन सर्किल शाखा की शताब्दी के उपलक्ष्य में विशेष रूप से ढाले गए ₹100 के स्मारक सिक्के का अनावरण किया। सिक्के के लॉन्च के साथ-साथ, उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के विकास के 5वें संस्करण का भी अनावरण किया, जिसमें 1981 से 1996 के बीच बैंक की यात्रा के परिवर्तनकारी युग का वर्णन किया गया है। इस कार्यक्रम में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, एम. नागराजू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की वित्त मंत्री ने कहा,



"एसबीआई की उल्लेखनीय यात्रा, जो अपनी प्रतिष्ठित शाखा के शताब्दी समारोह के साथ समाप्त हो रही है, विकास और सेवा की एक असाधारण विरासत को दर्शाती है। 1920 के विलय के समय 100 शाखाओं से लेकर आज 22,640+ शाखाओं तक, वित्त वर्ष 2025 में 500 और जोड़ने की योजना के साथ, एसबीआई अपनी पहुंच का विस्तार करना जारी रखता है। एसबीआई का योगदान आंकड़ों से कहीं आगे जाता है - इसने अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक को अपनाकर और वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करके भारत के बैंकिंग परिदृश्य को बदल दिया है। परंपरा को आधुनिकता से जोड़ने की इसकी यात्रा विरासत शाखाओं के संरक्षण में परिलक्षित होती है, जबकि इसके प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म, जैसे कि योनो, वैश्विक मंच पर भारत की फिनटेक क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं।

# गोल्ड की कीमत में आई तेजी

**नई दिल्ली.** देशभर में शादियों का मौसम शुरू हो गया है. जिसकी वजह से देश के लोकल बाजारों में गोल्ड की कीमतों में तेजी देखने को मिली है. देश की राजधानी दिल्ली में सोने और चांदी की कीमत में अच्छा इजाफा देखने को मिला है. जानकारों की मानें तो शादियों के मौसम में गोल्ड की डिमांड में इजाफा देखने को मिला है. वहीं दूसरी ओर विदेशी बाजारों में भी गोल्ड और सिल्वर की कीमत में भी इजाफा देखने को मिला है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर भी गोल्ड के दाम 74 हजार के लेवल को पार कर गए हैं. कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की शादी-ब्याह के मौसम की मांग के अलावा सोने के मजबूत वैश्विक रुख ने कीमती धातुओं की कीमतों पर असर डाला गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में स्थानीय सर्राफा बाजार बंद थे. आइए आपको भी बताते हैं.

कि आखिर सोना और चांदी के

# 22 से खुलेगा यह आईपीओ


**नई दिल्ली.** अगर आप इनिशियल पब्लिक आफरिंग यानी आइपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। इस सप्ताह एक और आईपीओ निवेश के लिए ओपन हो रहा है। यह आईपीओ- डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स सॉल्यूशन प्रोवाइडर सी2सी एडवांस्ड सिस्टम्स का है। कंपनी का आईपीओ 22 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होगा और निवेशक इस इश्यू में 26 नवंबर तक दांव लगा सकेंगे। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 214-226 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

यह 99 करोड़ रुपये का एक बुक-बिल्ट आईपीओ है, जिसमें कंपनी द्वारा केवल 43.83 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। नई दिल्ली स्थित कंपनी जो भारत में रक्षा उत्पाद उद्योग को पूरा करती है।

# नवरत्न कंपनी को मिले 100 करोड़ के ऑर्डर

**नई दिल्ली.**

नवरत्न कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के शेयर मंगलवार को 2 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 92.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी को एसटी एंड एससी डिवेलपमेंट माइनॉरिटीज एंड बैकवर्ड क्लासेज वेलफेयर डिपार्टमेंट से कई ऑर्डर मिले हैं। इन ऑर्डर की वैल्यू 112 करोड़ रुपये है। पिछले 2 साल में एनबीसीसी के शेयरों में 263 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 139.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 42.55 रुपये है।नवरत्न कंपनी को मिले ऑर्डर्स में से एक ऑर्डर 22 करोड़ रुपये का है।



इस ऑर्डर के तहत मालकानगिरी में बारापाड़ा हाईस्कूल में हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल (आर्ट स्ट्रीम) में अपग्रेड किया जाना है। इसके अलावा, कंपनी को 6 और ऑर्डर मिले हैं। प्रत्येक ऑर्डर की वैल्यू 15-15 करोड़ रुपये की है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 52.8 पर्सेंट बढ़कर 125.1 करोड़ रुपये रहा है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 81.9 करोड़ रुपये था। वहीं, सितंबर 2024 तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 19.4 पर्सेंट बढ़कर 2458.7 करोड़ रुपये रहा है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 2085.5 करोड़ रुपये था। एनबीसीसी के शेयरों में पिछले 2 साल में 263 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। नवरत्न कंपनी के शेयर 18 नवंबर 2022 को 25.30 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 92.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में 100 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 20 नवंबर 2023 को 44.93 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 19 नवंबर 2024 को 92 रुपये के ऊपर जा पहुंचे हैं।

# 185 तक जा सकता है शेयर

**नई दिल्ली.** ऑटो सेक्टर से जुड़ी कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल के शेयर को लेकर एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज का अनुमान है कि शेयर 180 रुपये के पार जाएगा। इसी के साथ ब्रोकरेज ने शेयर को खरीदने की सलाह भी दी है। वर्तमान में संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल शेयर की कीमत 165 रुपये है। 22 नवंबर 2023 को शेयर की कीमत 86.80 रुपये थी। सितंबर 2024 में शेयर की कीमत 217 रुपये तक पहुंच गई थी। यह दोनों ही कीमत शेयर के 52 हफ्ते का लो और हाई है। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर की हिस्सेदारी 58.13 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 41.87 फीसदी की है।आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल के शेयर को 185 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ खरीदने की सलाह दी है।

# भारतीय बाजार गिर रहा है



**नई दिल्ली.**

भारतीय बाजार बीते कई हफ्तों से लगातार गिर रहा है. सिर्फ 7 हफ्तों की बात करें तो भारतीय बाजार में निवेशकों के 50 लाख करोड़ डूब गए. हालांकि, इस बीच भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट अपने उफान पर है. 14 नवंबर को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज100 इंडेक्स ने 93,000 अंक का आंकड़ा पार कर लिया था. चलिए जानते हैं आखिर इसके पीछे की क्या वजहें हैं. टॉपलाइन सिक्योरिटीज लिमिटेड के सीईओ मोहम्मद सोहेल कहते हैं कि आईएमएफ के बयान ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है. इसके अलावा, स्थानीय म्यूचुअल फंड्स पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज पर जमकर खरीदारी कर रहे हैं. पिछले ढाई महीनों में इनकी नेट खरीदारी 40 अरब रुपये रही है.

इसके चलते, म्यूचुअल फंड्स के सूचकांक में 20 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई. इसके अलावा निवेशक के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि, सरकारी कंपनियों में सुधार, के साथ नए समझौते, वित्त मंत्री द्वारा मिनी-बजट की संभावना को नकारने और के साथ सकारात्मक बैठकों के अलावा पाकिस्तान के लिए 7 बिलियन डॉलर के कर्ज की मंजूरी भी पाकिस्तानी स्टॉक मार्केट में तेजी की मुख्य वजहें हैं. भारतीय बाजार सितंबर के आखिरी हफ्ते से लगातार गिर रहा है. बाजार में गिरावट के कई कारण हैं. इसमें विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली तो बड़ा कारण है ही, इसके अलावा मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और भारतीय कंपनियों की कमजोर तिमाही आय रिपोर्ट की वजह से भी भारतीय बाजार में नकारात्मकता की भावना बढ़ी है.

# जीपी पारसिक सहकारी बैंक ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**नागपुर.**

जनता चौक स्थित जीपी पारसिक सहकारी बैंक जो महाराष्ट्र के सहकारी क्षेत्र में एक अग्रणी बैंक है, ने अपने संस्थापक अध्यक्ष स्व. गोपीनाथ शिवराम पाटील की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लोकमत और धरमपेठ शाखा में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। गुंडेवार कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. प्रविण भागडीकर ने इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। एसटी महामंडल के विभागीय पर्सनल अधिकारी शैलेश भारती और अन्न एवं औषधि विभाग के निवृत्त कमिश्नर सत्यनारायण शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।





स्व. गोपीनाथ पाटील साहेब के फोटो पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ रक्तदान की शुरुआत हुई। बैंक के 12 कर्मचारियों सहित कुल 55 लोगों ने रक्तदान करके इस शिविर को सफल बनाया। जीएसके ब्लड बैंक के डॉ. खंडेलवाल और उनकी टीम ने इस कार्य में सहयोग किया। लोकमत शाखा के प्रबंधक मंगेश पुराणिक और धरमपेठ शाखा के प्रबंधक वैभव तखलाते सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम का संचालन मंगेश पुराणिक ने किया और आभार प्रदर्शन वैभव तखलाते ने किया।

# शेयर मार्केट में धमाल



**नई दिल्ली.** शेयर मार्केट में रौनक के बीच सेंसेक्स 1035 अंक ऊपर 78374 पर ट्रेड कर रहा है। सेंसेक्स में शामिल स्टॉक्स में महिंद्रा एंड महिंद्रा में 4.81 पर्सेंट की बंपर उछाल है। टेक महिंद्रा भी टेक महिंद्रा भी 3.47 पर्सेंट ऊपर है। टाटा मोटर्स 3.23 पर्सेंट की तेजी है। टाइटन में 2.75 पर्सेंट, सन फार्मा में 2.66 पर्सेंट, एचडीएफसी बैंक 2.61 पर्सेंट, अडानी पोर्ट्स में भी 2 पर्सेंट की तेजी है।

अगर सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी मीडिया, आईटी, फार्मा, रियल्टी, ऑयल एंड गैस, कंज्यूर ड्यूराबेल्स, एफएमसीजी इंडेक्स में बंपर उछाल है। निफ्टी मीडिया में 3.79 पर्सेंट की तेजी है। आईटी, रिलयल्टी, कंज्यूमर ड्यूराबेल्स में दो फीसद से अधिक की तेजी है। शेयर मार्केट में आज धमाल हो रहा है। अब सेंसेक्स 1031 अंकों की बंपर उछाल के साथ 78370 पर पहुंच गया है। निफ्टी भी अब 201 अंकों की बंपर उछाल के साथ 23755 पर पहुंच गया है। निफ्टी के 42 स्टॉक्स हरे निशान पर हैं।

# सरकारी बैंकों में हिस्सेदारी बेचने पर विचार



**नई दिल्ली.**

मोदी सरकार देश के बाजार नियामक द्वारा अनिवार्य पब्लिक शेयरहोल्डिंग नॉर्म्स का अनुपालन करने के लिए चार सरकारी बैंकों में अल्पमत हिस्सेदारी बेचने पर विचार कर रही है। सूत्र ने कहा कि वित्त मंत्रालय आने वाले महीनों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक में हिस्सेदारी कम करने के लिए मोदी कैबिनेट की मंजूरी मांग सकता है।

इस खबर के बाद मंगलवार को पीएसयू बैंकों, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के शेयरों में 4 फीसदी से अधिक की तेजी आई।

बीएसई की वेबसाइट पर मौजूद आंकड़ों के मुताबिक सितंबर के अंत तक भारत सरकार के पास सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में 93 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी थी। इंडियन ओवरसीज बैंक में 96.4,फीसदी यूको बैंक में 95.4 फीसदी और पंजाब एंड सिंध बैंक में 98.3 फीसदी हिस्सेदारी सरकार की थी। सूत्र ने कहा कि विचाराधीन योजना खुले बाजार में बिक्री के प्रस्ताव के जरिए हिस्सेदारी बेचने की है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के तहत सूचीबद्ध कंपनियों के लिए 25% सार्वजनिक शेयरधारिता बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन उसने सरकारी स्वामित्व वाली फर्मों को अगस्त 2026 तक इन मानदंडों को पूरा करने से छूट दी है।

सूत्र ने इस बात पर कोई टिप्पणी नहीं की कि क्या सरकार नियामक की समय सीमा को पूरा कर पाएगी या क्या वह आगे विस्तार की मांग करेगी। अधिकारी ने कहा कि बिक्री का समय और मात्रा बाजार की स्थितियों के आधार पर तय की जाएगी। पहले भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पूंजी जुटाने के लिए क्यूआईपी शुरू किया है, जिससे सरकारी बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी कम हो गई है।

# केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

> मिल सकता है 2.86 फिटमेंट फैक्टर

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए अच्छी खबर है. 8वें वेतन आयोग में इनकी पेंशन और सैलरी बढ़ सकती है. कर्मचारियों की हित के लिए काम करने वाली संस्था नेशनल काउंसिल ऑफ जॉवंट कंसल्टेटिव मशीनरी यानी के सचिव शिव गोपाल मिश्रा ने हाल ही में फिटमेंट फैक्टर बढ़ाने की बात कही है. उन्होंने सरकार को 2.86 फिटमेंट फैक्टर बढ़ाने का सुझाव दिया है. अगर ऐसा होता है तो, केंद्रीय कर्मचारियों की न्यूनतम सैलरी 51, 451 हो जाएगी.


देश में बढ़ती महंगाई दर को देखते हुए के सचिव ने सरकार से 8 वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.86 करने की मांग की है. पिछले यानी 7वें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर को बढ़ाकर 2.57 करने की सिफारिश की गई थी, जिसे केंद्र सरकार ने मान लिया था. उसके बाद सरकारी कर्मचारियों का मिनिमम वेतन 7,000 से बढ़कर 17,900 रुपये हो गया था. इस बार फिटमैंट फैक्टर को 2.86 करने की मांग की गई है. अगर यह मांग मान ली जाती है, तो कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 17,990 रुपये से बढ़कर 51,451 रुपये हो जाएगा. हालांकि, सरकार की ओर से इसको लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है. वहीं, न्यूनतम वेतन 34,000-35,000 रुपये तक बढ़ेगा. हम फिटमेंट फैक्टर 2.86 करने की मांग कर रहे हैं.



## फिटमेंट फैक्टर 2.86 करने की मांग

फिटमेंट फैक्टर वह गुणांक होता है, जिसकी मदद से सरकार सैलरी और पेंशन में संशोधन करती है. इसी के आधार पर सैलरी में इजाफा किया जाता है. तब भी फिटमेंट फैक्टर 2.57 करने की सिफारिश की गई थी. इस बार भी सरकार को फिटमेंट फैक्टर बढ़ाने के लिए सुझाव दिया गया है, जोकि महंगाई की बढ़ती दर के हिसाब से सही बताया जा रहा है








१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, बुधवार, 20 नवंबर 2024 अंक 38/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक
• डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतुलन आयुर्वेदिक)
• श्री स्वागत तोडकर • तन्वी हर्बल क्लिनिक
इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
------ विशेष उपचार ------
वात, जोड़ों का दर्द, सुजन, लखवा, नसों में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart), पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वसनिय स्थान।

# महाराष्ट्र की 288 सीटों पर आज मतदान

## करीब 9.70 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

## 158 दलों की किस्मत का होगा फैसला

## महायुति-एमवीए के बीच मुख्य मुकाबला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा की सभी 288 सीटों पर आज बुधवार को मतदान होना है। महाराष्ट्र विधानसभा की सभी सीट पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा और शाम 6 बजे चलेगा। सिंगल फेज में 288 सीटों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिए बुधवार को हो जा रहे चुनाव में करीब 9.70 करोड़ मतदाता अपने पोलिंग बूथ पर वोट डालेंगे। 288 सीटों के लिए 4,136 उम्मीदवार मैदान में हैं।

चुनाव अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र में 30 अक्तूबर तक वोट डालने के लिए 9.7 करोड़ से अधिक (9,70,25,119 वोटर्स) मतदाता पंजीकृत हैं. इनमें 5,00,22,739 पुरुष मतदाता, 4,69,96,279 महिला मतदाता और 6,101 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं. इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 6,41,425 है, जबकि सशस्त्र बलों के सेवा मतदाताओं की संख्या 1,16,170 है।

इस चुनाव में जहां सत्तारूढ़ 'महायुति' गठबंधन सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रहा है, वहीं विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) को सत्ता में शानदार वापसी की उम्मीद है. मतदान के बाद 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी और इसी दिन चुनाव आयोग की ओर से सभी सीटों के नतीजे घोषित किए जाने की उम्मीद है. सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में शामिल भाजपा इस चुनाव में 149 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना ने 81 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं.

अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा 59 सीट पर चुनाव लड़ रही है. वहीं एमवीए में शामिल कांग्रेस 101 पर, शिवसेना (यूबीटी) 95 पर और राकांपा (शरदचंद्र पवार) 86 सीट पर चुनाव लड़ रही हैं.




बहुजन समाज पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) सहित छोटी पार्टियां भी चुनाव लड़ रही हैं. बसपा ने 237 और एआईएमआईएम ने 17 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं. महाराष्ट्र में इस बार 1,00,186 मतदान केंद्र होंगे, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में इनकी संख्या 96,654 थी. मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के कारण यह वृद्धि की गई है. राज्य सरकार के लगभग छह लाख कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात किए जाएंगे.

### इस बार उम्मीदवारों की संख्या में 28 % की वृद्धि

इस बार पंजीकृत मतदाताओं की संख्या बढ़कर 9,63,69,410 हो गई है, जो 2019 में 8,94,46,211 थी। इस बार के चुनाव में महाराष्ट्र में 1,00,186 मतदान केंद्र होंगे, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में 96,654 मतदान केंद्र थे। मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के कारण मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। राज्य सरकार के करीब 6 लाख कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर तैनात होंगे।

### 629 उम्मीदवार आपराधिक छवि वाले

वहीं चुनाव आयोग के मुताबिक इस बार करीब 29 % यानी 629 उम्मीदवार आपराधिक छवि के साथ हैं। इनमें से 412 पर हत्या, किडनैपिंग, बलात्कार जैसे गंभीर मामले भी दर्ज हैं। वहीं इनमें से 50 उम्मीदवार महिलाओं से जुड़े अपराधों के भी आरोपी हैं।

### कब और कितने बजे आएंगे एग्जिट पोल

मतदान पूरा होने के ठीक बाद बुधवार, 20 नवंबर को ही करीब साढ़े छह बजे से एग्जिट पोल के नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। मतदान के बाद आने वाले इन एग्जिट पोल में बताया जाएगा कि महाराष्ट्र में इस बार कौन सी पार्टी किस सीट पर जीत हासिल कर रही है। सीटों के साथ-साथ वोट प्रतिशत, किस सीट पर कौन प्रत्याशी जीत रहा है, ये भी बताया जाएगा। इसे लेकर ऑनलाइन चैनल ने खास तैयारी की है। अलग-अलग एजेंसियों के एग्जिट पोल के हर अपडेट आप एनबीटी ऑनलाइन वेबसाइट में देख सकते हैं।

## झारखंड में भी 38 सीटों पर आज मतदान

झारखंड में कल यानी बुधवार, 20 नवंबर को दूसरे और अंतिम चरण में मतदान होना है. दूसरे फेज में राज्य की बची 38 सीटों पर मतदाता अपने-अपने पोलिंग बूथ पर वोट डालेंगे. इस फेज की वोटिंग पूरी होने के साथ झारखंड में विधानसभा की सभी 81 सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएंगे. राज्य की 81 में से 38 सीटों के लिए कुल 528 उम्मीदवार मैदान में हैं. पहले चरण में राज्य में विधानसभा की 43 सीटों पर मतदान हफ्तेभर पहले यानी बुधवार 13 नवंबर को हुआ था.

## खबरें! एक नजर में!!

### 6 मिनट में कटड़ा से पहुंचेंगे सांझीछत

**श्रीनगर।** माता वैष्णो देवी की यात्रा में कठिन चढ़ाई से श्रद्धालुओं को आने वाले समय में बड़ी राहत मिलने जा रही है। विशेषकर बुजुर्ग, दिव्यांग व शारीरिक रूप से अक्षम यात्री बिना किसी परेशानी अपनी यात्रा आरामदायक पूरी कर सकेंगे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने अंततः कटड़ा में यात्रा के नये ताराकोट मार्ग के प्रवेशद्वार से सांझीछत तक केबल कार (रोप-वे) परियोजना को मंजूरी दे दी गई।

### कुंभ मेले के लिए जमीन आवंटन शुरू

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में सोमवार को महाकुंभ में अखाड़ों के लिए जमीन आवंटन मामले में अखाड़ों और कुंभ प्रशासन के बीच बैठक हुई। इसमें सभी अखाड़ों के संत मौजूद रहे. जमीन आवंटन को लेकर अखाड़ों की कुछ मांगे थीं। जैसे जमीन को इस बार थोड़ा बढ़ाकर देने के साथ ही शिविर को इस बार और अच्छे तरीके से तैयार करने आदि को प्रशासन के सामने रखा गया। जिसे प्रशासन ने स्वीकार कर लिया।

### भरुच में भीषण सड़क हादसा, 6 मरे

**गांधीनगर।** गुजरात के भरूच में मंगलवार भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो बच्चों और दो महिलाओं सहित 6 लोगों की मौत हो गई है। कार सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 4 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा भरूच के जंबूसर-आमोद रोड पर सोमवार देर रात हुआ। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### श्रीलंका की नई पीएम बनी अमरसूर्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त करने वाली हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। एस.भंडारनायके के निधन के बाद पीएम बनने वाली पहली और इस पद तक पहुंचने वाली तीसरी महिला नेता हैं। 54 वर्षीया हरिनी समेत चार लोगों को मंत्रिमंडल में नियुक्त किया है। उन्हें न्याय, शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और निवेश मंत्री का कार्यभार सौंपा गया है।

### बवाना में 150 झुग्गियां जलकर राख

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बवाना में जेजे कॉलोनी स्थित झुग्गियों में अचानक भीषण आग लग गई। हादसा इतना भीषण कि देखते ही देखते 150 झुग्गियों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान अंदर सो रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और दमकल विभाग भी पहुंच गया और आग पर काबू में जुट गया।

### मेटा पर लगा 213 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इंटरनेट मीडिया कंपनी मेटा पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीआई ने वाट्सएप को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य कंपनियों के साथ विज्ञापन उद्देश्यों के लिए यूजर्स का डाटा पांच साल तक साझा नहीं करने का निर्देश दिया है।

## संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक 24 को



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार, 24 नवंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एक पोस्ट में कहा कि बैठक रविवार की सुबह संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर बुलाई गई है। सत्र 25 नवंबर को शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में एक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इससे पहले रिजिजू की ओर से बताया गया था कि राष्ट्रपति ने भारत सरकार की सिफारिश पर 2024 के शीतकालीन सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों को 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सत्र संसदीय कार्यों की अनिवार्यताओं के अधीन बुलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया था कि 26 नवंबर यानी संविधान दिवस को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# अब सुप्रीम कोर्ट में ब्लास्ट की धमकी

## इलाहाबाद हाईकोर्ट और प्रयागराज रेलवे स्टेशन को भी धमकी

**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट और प्रयागराज रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह केस के पक्षकार और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडे को सोमवार रात वॉट्सऐप पर पाकिस्तान नंबर से भेजे गए वॉइस मैसेज के जरिए दी गई। आशुतोष ने बताया कि सोमवार देर रात 1:37 बजे से 1:40 बजे के बीच उन्हें पाकिस्तान के नंबर +923161832314 से छह धमकी भरे वॉइस मैसेज आए। इन मैसेज में धमकी देने वाले ने कहा, हाईकोर्ट को क्या, तेरे सुप्रीम कोर्ट को भी उड़ा देंगे। 19 नवंबर को बम धमाके करेंगे. इसके बाद 2:36 बजे वॉट्सऐप कॉल करके फिर धमकी दी गई। धमकी देने वाले ने कहा कि मंगलवार,19 नवंबर की सुबह सबसे पहले प्रयागराज रेलवे स्टेशन और फिर इलाहाबाद हाईकोर्ट को बम से उड़ाया जाएगा। उसने कहा कि हिंदुस्तान के सभी बड़े मंदिरों को निशाना बनाया जाएगा. आशुतोष का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें धमकी मिली है। उन्होंने बताया कि मथुरा, प्रयागराज, कौशांबी और फतेहपुर में पहले भी धमकियों को लेकर एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। हाल ही में आशुतोष ने शाही ईदगाह में अवैध रूप से बिजली इस्तेमाल करने की शिकायत की थी, जिस पर बिजली विभाग और पुलिस ने कार्रवाई की थी।



### जांच में जुटी पुलिस

घटना की गंभीरता को देखते हुए आशुतोष ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि धमकी देने वाले का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# विचाराधीन कैदियों की रिहाई पर सुको सख्त

## यूपी समेत कई राज्यों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने देशभर की जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों की रिहाई को लेकर यूपी समेत बाकी राज्यों की जमकर फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कैदियों की रिहाई को लेकर राज्यों के लचर रवैये पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि यूपी की जेलों में ऐसे करीब 1000 से ज्यादा विचाराधीन कैदी होंगे, जो सजा की सीमा पार कर चुके होंगे। ये बात अलग है कि वकील कह रहे हैं कि संख्या कम है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

अगर जेल में बंद एक भी व्यक्ति विचाराधीन है तो उसके लिए यह प्रावधान है, उसकी स्वतंत्रता को सीमित नहीं किया जा सकता। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि हम दीवार के बगल में खड़े उस आखिरी व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं, जिसकी आवाज हम नहीं सुन पाए हैं। हम उसी व्यक्ति को संबोधित कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा राज्यों को यह समझना चाहिए कि यह तत्काल की समस्या नहीं है। इसके लिए एक सतत प्रणाली बनानी होगी। कोर्ट ने कहा कि यहां हम जितनी संख्या में जमानत आवेदन देख रहे हैं। ऐसे मे उसके लिए राज्य के अधिकारी विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ बैठकर जानकारी इकट्ठा करें, ना कि कॉपी पेस्ट न करें। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में यह प्रावधान किया गया है कि पहली बार अपराध करने वाले और यदि उन्होंने विचाराधीन कैदी के रूप में अपराध के कारावास की एक तिहाई सजा काट ली है तो वे रिहा होने के हकदार हैं, जो लोग पहली बार अपराधी नहीं हैं उन्हें कम से कम आधी सजा का प्रावधान है।

### दायर हलफनामे पर किया विचार

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार समेत विभिन्न राज्यों की ओर से विचाराधीन कैदियों की रिहाई को लेकर दायर हलफनामे पर विचार किया। जस्टिस हृषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने यूपी सरकार के वकील ने कहा कि डेटा हिंदी में आया है। हमें हलफनामा अनुवाद करने और दाखिल करने के लिए दो दिन का समय चाहिए। गाजियाबाद में नोडल अधिकारियों से इसकी जानकारी मिली है।

## अनमोल बिश्नोई को भारत लाने की तैयारी



**नई दिल्ली।**

जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को भारत लाने की तैयारी है। उसे पिछले सप्ताह अमेरिका के इमीग्रेशन डिपार्टमेंट द्वारा कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, एफबीआई नई दिल्ली कार्यालय के अधिकारियों ने भारतीय सुरक्षा अधिकारियों से मुलाकात की है। इस दौरान अनमोल बिश्नोई के भारत को प्रत्यर्पण की संभावना पर चर्चा की गई।

# भारत में आधी रात से बदल गई इंटरनेट की दुनिया!

## मस्क की स्पेसएक्स ने लॉन्च किया इसरो का सैटेलाइट



**नई दिल्ली।** एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्पेस एक्स ने मंगलवार को फ्लोरिडा के कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के संचार उपग्रह जीसैट-एन2 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इस उन्नत संचार उपग्रह को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट का उपयोग करके लॉन्च किया गया।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राधाकृष्णन दुरईराज के अनुसार, जीसैट एन2 या जीसैट 20 को सटीक कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। जीसैट-एन2 एक संचार उपग्रह है जिसे इसरो के सैटेलाइट सेंटर और लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। 48 जीबीपीएस डेटा ट्रांसमिशन क्षमता वाला यह हाई-थ्रूपुट उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं को बढ़ाएगा और देश भर में इन-फ़्लाइट कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह संचार उपग्रहों की जीसैट श्रृंखला को जारी रखेगा और भारत के स्मार्ट सिटी मिशन के लिए आवश्यक संचार बुनियादी ढांचे में डेटा ट्रांसमिशन क्षमता को जोड़ेगा। उपग्रह के 14 वर्षों तक परिचालन में रहने की उम्मीद है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, उपग्रह 32 उपयोगकर्ता बीम से सुसज्जित है, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र पर 8 संकीर्ण स्पॉट बीम और शेष भारत पर 24 चौड़े स्पॉट बीम शामिल हैं। इन 32 बीमों को मुख्य भूमि भारत के भीतर स्थित हब स्टेशनों द्वारा समर्थित किया जाएगा। का-बैंड एचटीएस संचार पेलोड लगभग 48 जीबीपीएस का थ्रूपुट प्रदान करता है।

# पहला ऑनलाइन कोर्ट कोल्लम में शुरू

## 24 घंटे होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** देश का पहला 24 घंटे चलने वाला ऑनलाइन कोर्ट केरल के कोल्लम में शुरू कर दिया है। आज बुधवार से इस कोर्ट में मामलों की सुनवाई होगी। कोर्ट में सेटलमेंट एक्ट के तहत चेक मामलों की भी सुनवाई होगी. कोर्ट की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसमें 24 घंटे सुनवाई होगी. अदालत में एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारी होंगे। कोर्ट में केस कहीं से भी ऑनलाइन दाखिल किए जा सकते हैं। कोर्ट की वेबसाइट पर निर्धारित प्रपत्र भरकर केस ऑनलाइन दाखिल करना होगा। कोर्ट के कामकाज को लेकर सोमवार को कोल्लम बार एसोसिएशन हॉल में वकीलों और क्लर्कों को ट्रेनिंग दी जाएगी।


कोर्ट बिल्डिंग में जनरल कोर्ट में होने वाली कोई भी एक्टिविटी नहीं होगी, न तो मामला दाखिल करने वाले को और न ही वकीलों को पर्सनली अदालत में पेश होने की जरूरत होगी। मुकदमे की बहस, सुनवाई और फैसले समेत पूरा प्रोसेस ऑनलाइन किया जाएगा. पुलिस स्टेशनों को ऑनलाइन ही पत्र भेजा जाएगा। आरोपी और केस करने वालों दोनों को अर्जी ऑनलाइन ही दाखिल करनी होगी।

ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेजों का इस्तेमाल करके जमानत ली जा सकती है। कोर्ट में फीस का भुगतान ई-पेमेंट के जरिए करना होगा. यहां मामला दर्ज करने वालों और वकीलों के लिए अदालती कार्रवाई में सीधे भाग लेने के लिए एक प्रोसेस तैयार किया गया है। यह डिजिटल कोर्ट आज 20 तारीख से कोल्लम जिले की चार अदालतों में इसी तरह के मामलों की सुनवाई करेगा। इस डिजिटल कोर्ट की कार्यप्रणाली को देखकर और जिलों में भी ऐसी अदालतें शुरू करने का प्लान बनाया जा रहा है।

### तकनीक कई लोगों की मदद करेगी

उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट में संपर्क नहीं कर पाने के कारण किसी को भी न्याय से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। हम सभी ने देखा है कि तकनीक का इस्तेमाल करके देश के किसी भी कोने से लोग सुप्रीम कोर्ट में पेश हो सकते हैं। मुझे यकीन है कि यह तकनीक कई लोगों की मदद भी करेगी। इससे हमें सभी के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के अपने सपने को हासिल करने में मदद मिलेगी।

# दिल्ली-एनसीआर में 500 पर पहुंचा एक्यूआई



**नई दिल्ली।**



दिल्ली-एनसीआर में हर तरफ धुआं-धुआं है। राष्ट्रीय राजधानी के क्षेत्रों में एक्यूआई 500 पर पहुंच गया। ऐसे में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) ने अपने पुराने दिशा-निर्देशों को याद दिलाते हुए कहा है कि यह प्रदूषण का आपातकाल है। ऐसी स्थिति में इन्सानों के लिए वायु प्रदूषण और भी ज्यादा जोखिम भरा हो जाता है। इसके अलावा, दिल्ली में वायु प्रदूषण अति गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। दिल्ली ही नहीं उसके आसपास के इलाकों में भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है।

जिसके चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है. बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए सरकार ने दिल्ली में ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके बाद राजधानी में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, साथ ही सार्वजनिक प्रोजेक्ट्स पर निर्माण कार्य स्थगित करने समेत कई प्रदूषण नियंत्रण उपाय किए गए हैं। बावजूद इसके आज मंगलवार की सुबह दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के ऊपर दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, मंगलवार सुबह दिल्ली के पंजाबी बाग, रोहिणी, पूसा, सोनिया विहार, शादीपुर, वजीरपुर, विवेक विहार, आनंद विहार, अलीपुर, जहांगीरपुरी, बवाना, नरेला, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, प्रतापगंज और नेहरू नगर समेत कई इलाकों में एक्यूआई 500 के ऊपर दर्ज किया गया।

दिल्ली-एनसीआर में गंभीर वायु प्रदूषण और खतरनाक वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को देखते हुए विश्वविद्यालय के छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए, दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी ने ऑनलाइन मोड में कक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है. जेएनयू इस दौरान 22 नवंबर तक ऑनलाइन माध्यम से क्लासेज चलाएगा।

## सुविचार

तुम्हारी मेहनत वो दीपक है,
जो अंधकार से टकराकर ही रोशनी फैलाता है।

## संपादकीय

# नतीजों के बाद गोलबंदी?

महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार सोमवार शाम को थम गया। झारखंड में दूसरे चरण के तहत 38 विधानसभा सीटों पर मतदान भी 20 नवंबर को ही होने हैं, लेकिन कई वजहों से महाराष्ट्र की चुनावी लड़ाई को इस बार बेहद खास माना जा रहा है।

देश के समृद्ध और विकसित राज्यों में गिने जाने वाले महाराष्ट्र में सत्ता की कमान किसके हाथों में आती है, इस पर यूं भी सबकी नजरें टिकी रहती थीं, लेकिन इस बार बात सिर्फ इतनी ही नहीं है। साल 2019 में विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद जिस तरह की उखाड़-पछाड़ महाराष्ट्र की राजनीति में दिखी, उसने न सिर्फ प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक दलों का स्वरूप बदल दिया और प्रमुख राजनीतिक परिवारों की साख पर सवाल खड़ा कर दिया बल्कि राज्य के आम मतदाताओं के सामने भी विकल्पों की झड़ी लगा दी।

इसका असर न केवल इन चुनावों में उठ रहे मुद्दों पर बल्कि इसे उठाने के तरीकों पर भी दिख रहा है। चुनावी लड़ाई का स्वरूप इस मायने में भी बदला है कि लगभग हर विधानसभा क्षेत्र में बहुकोणीय मुकाबला हो गया है। दो शिवसेना और दो एनसीपी के साथ ही कांग्रेस और बीजेपी के अधिकृत प्रत्याशी तो तय सीटों पर हैं ही, इन दलों के बागी प्रत्याशी भी कई जगहों पर मुकाबले को कठिन बना रहे हैं। कौन किस तरफ से किसके वोटों में कितनी सेंध लगाने वाला है, इसे लेकर हर खेमे में अनिश्चय और उलझन की स्थिति बनी हुई है।

इस बार कोई भी ऐसा एक मुद्दा नहीं है, जिसके बारे में यह माना जा सके कि यह पूरे राज्य में सभी विधानसभा सीटों पर प्रभावी है। इस वजह से नारों को लेकर भी संदेह और असमंजस की स्थिति दिख रही है। बीजेपी की तरफ से 'बटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ हैं' नारों को सबसे ज्यादा प्रमुखता दी गई, लेकिन खुद एनडीए खेमे में भी इस पर सर्वसम्मति नहीं बन सकी। अजित पवार ही नहीं, बीजेपी के भी कई नेताओं ने इस नारे को अस्वीकार करने की बात कह दी।



# नोटा अराजकता के लिए जगह बनाता है

**अमिता आपटे**




लोकतंत्र जनता द्वारा जनता के लिए बनाई गई सरकार है। इस संविधान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को वोट देने का अधिकार है.नहीं, यह उनका कर्तव्य है कि मतदान लोकतंत्र में जनता की प्रत्यक्ष भागीदारी की सबसे प्रभावशाली प्रक्रिया है। इसीलिए मतदान दिवस को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है, लेकिन "हमारे पास कोई विकल्प नहीं दिखता कि किसे वोट दें।" इसलिए हम किसी भी उम्मीदवार को निराश नहीं करना चाहते।" कुछ लोकतंत्रों में मतदाताओं के लिए नोटा (उपरोक्त में से कोई नहीं) विकल्प भी उपलब्ध है, जो लोग ऐसा करना चाहते हैं, भारत में यह विकल्प उपलब्ध है. यह 2014 के आम चुनावों के लिए अस्तित्व में आया। 2009 में चुनाव आयोग ने ईवीएम मशीनों पर करेंसी नोटों का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। केंद्र की कांग्रेस सरकार द्वारा नोटा के वैकल्पिक संस्करण का कड़ा विरोध किये जाने के बाद चुनाव कराये गये। आयोग इस विकल्प को लागू नहीं कर सका. इससे पहले पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी ने सुप्रीम कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी. यह लोग 27 सितंबर 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर अपना फैसला सुनाते हुए मतदाताओं को नोटा (इनमें से कोई नहीं) का विकल्प दिया था. ऐसा आदेश दिया गया है यह विडंबना है कि पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी नक्सल विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के दोषी पाए गए प्रोफेसर साईबाबा की गिरफ्तारी पर रोक किया था. सुप्रीम कोर्ट ने किस आधार पर दिया ये फैसला? भारतीय संविधान के अनुसार मतदान करना नागरिकों का मौलिक अधिकार नहीं बल्कि कानूनी अधिकार है। मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा और राजनीतिक एवं नागरिक अधिकारों की सार्वभौम घोषणा का अनुच्छेद 21 (3) । संधि के अनुच्छेद 25 (बी) में कहा गया है कि लोकतंत्र में सरकार लोगों की इच्छा के अनुसार बनाई जाती है। इसीलिए वह वहां था मतदान का तरीका गुप्त होना चाहिए, ताकि हर व्यक्ति बिना किसी रुकावट के अपना वोट डाल सके। लोकन्यास अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार है। एक नागरिक तो मतदान केंद्र पर आ भी गया. और ऐसे मतदाताओं के नाम यदि वह वोट देने से इनकार करता है. और निर्वाचन अधिकारी को प्रपत्र 17ए दर्ज करना होगा। इसी तरह का प्रावधान चुनाव आयोग द्वारा किया गया था (देखें रेग।) (नहीं। 49एल). ईवीएम के आने से पहले यानी 1998 से पहले मतपत्र के जरिए मतदान होता था. मतदाता मतपत्र को किसी भी उम्मीदवार के सामने या पूरी तरह से चिह्नित किए बिना मतपेटी में फेंकने का प्रयास कर सकते हैं। गोपनीयता बनाए रखी जाती है। हालांकि, ईवीएम के आगमन के बाद से, यदि मतदाता कोई बटन नहीं दबाने का विकल्प चुनता है, तो एक बीप बजती है। यदि किसी मतदाता की लाइटें नहीं जल रही हैं तो मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों की नजर उस पर आसानी से पड़ जाती है। कर सकना इस आधार पर मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए नोटा का विकल्प ईवीएम में इस रूप में होना चाहिए. आदेश दिया. इस आधार पर मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए नोटा का विकल्प ईवीएम में इस रूप में होना चाहिए आदेश दिया. सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का व्यापक उद्देश्य 'मतदान न करने के अधिकार' को सुरक्षा प्रदान करना है। यह 'गोपनीयता के अधिकार - मतदान में गोपनीयता के मूल्य' की रक्षा करना है। भारत के अलावा अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी नोटा का विकल्प मतदाताओं के लिए खोल दिया गया है। इस क्षेत्र में, इनमें से कोई भी उम्मीदवार नहीं नामक एक विकल्प है फ्रांस, बेल्जियम, ब्राज़ील, ग्रीस, यूक्रेन, चिली नोटा विकल्प बांग्लादेश, फिनलैंड, स्वीडन, अमेरिका, कोलंबिया, नेवादा और स्पेन में उपलब्ध हैं। लेकिन इंग्लैंड, जो भारतीय लोकतंत्र का स्रोत है, वहां ऐसा सुनने को नहीं मिलता. यही कारण है कि इस देश और भारतीय लोकतंत्र के बीच इतना भ्रम है। ऐसे में नोटा का विकल्प चुनना लोकतंत्र की आत्महत्या है। सुविधा और राजनीतिक फायदे के लिए नोटा को बढ़ावा दिया जा रहा है। भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवद्रे फड़णवीस अब नागरिक समाज के शरारती व्यवहार पर स्पष्ट रुख क्यों अपना रहे हैं? क्योंकि डॉ, पारिस्थितिकवादी, समाजवादी प्रवृत्ति के लोग ही प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। यानी कोई व्यक्ति या संस्था नोट के लिए प्रचार करते समय, टेलोक्स को कमोबेश वामपंथियों बनाम चरसरानी द्वारा ब्रेनवॉश किया गया था। ये सोचने में कोई दिक्कत नहीं है कि है.

## लोक कथा

**डॉ.विजय चौरसिया**

# एक तोता और बूढ़ा बैगा

सभ्य दुनिया की तमाम कृत्रिमताओं से दूर सभ्यताजनित अनेक वर्जनाओं और आडंबरों से परे एक कतई अलग संसार है। जिसकी उन्मुक्त और आधुनिकता के प्रदूषण से रहित स्वच्छ हवा में आदिम गंध से महकते वन फूल खिलते है। झूमते और थिरकते हैं जी हाँ, इसी भारत वर्ष में जहां आज हम इक्कीसवीं सदी में प्रवेश कर चुके है। यहां आये दिन अंतरिक्ष में राकेट भेजने की तैयारियां भी होती हैं। ऐसे लोग भी बसते हैं। जिन्होंने रेलगाड़ी की शक्ल तक नहीं देखी,इनका जीवन, रहन - सहन, खाना - पीना, बोलचाल, आधुनिक मानव से बिलकुल ही भिन्न है।

संपूर्ण भारत वर्ष में सबसे ज्यादा आदिवासी मध्यप्रदेश में ही निवास करते हैं तथा संपूर्ण एशिया महाद्वीप में यही एक आदिम जनजाति बची है। वह है -' बैगा ' इस जनजति के लोग जनजाति मंड़ला, ड़िंड़ौरी, शहड़ोल, अनूपपुर, उमरिया, राजनांदगांव एवं बालाघाट के दुर्गम वनों में निवास करते हैं। बैगा जनजाति के अनेक पहलू अभी भी शेष समाज के लिए अविदित हैं। इनकी प्रथायें, परम्पराएँ, धार्मिक आस्थायें, लोक नृत्य एवं संगीत कला आदि, हममें न केवल कौतूहल उत्पन्न करते हैं, बल्कि हमें आहलादित भी करते हैं। इन कथाओं के साथ - साथ इस जनजाति के पास विशिष्ट लोककथायें, गाथायें, किंवदंतियाँ एवं मिथकों आदि का विपुल भँड़ार है। यह धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते हुए सदियों से अक्षुण्ण बनी हुई है। इनकी कथाओं में जहाँ समाज के स्वरुप,संगठन एवं सामाजिक आस्थाओं के दर्शन होते हैं, वहीं ये व्यक्ति व समाज को सृष्टि के रचयिता के साथ भी जोड़ती हैं। तथाकथित अशिक्षित समझे जाने वाले इन बैगा आदिवासियों से मेरा विगत पैंतालिस वर्षों से घनिष्ट संपर्क है। मुझे उनके साथ उनके जीवन में सहभागी होने के अनेक अवसर मिले हैं। इसी दौरान उनके किस्से कहानी सुनकर इन लोक कथाओं का संग्रह करने का प्रयास किया है। मैं स्वयं भी श्रोता के रुप में इनसे अभिभूत होकर अवर्णनीय आनंद उठा चुका हूँ। आशा है आप भी इस निराले आनंद का अनुभव कर इनकी चमत्कारिता, घटना प्रवाह की वर्णन शैली, भाव - प्रवणता, चरम परिणति, अनूठेपन आदि विशिष्टताओं से अवश्य प्रभावित होंगे। लोक कथाओं की मौलिक व यर्थाथ प्रस्तुति पर विशेष ध्यान रखते हुए यथा - तथ्य उद्घाटित करने का प्रयास किया है। कहानी की श्रुत परंपरा के शब्दों को ज्यों का त्यों प्रस्तुत किया गया है, वहाँ भाषा के परिष्कार एवं व्याकरण संबंधी सुधार करने का प्रयास नहीं किया गया है।

## व्यंग्य

**वीरेन्द्र सरल**

# स्मार्ट मरीज

काका चक्करसिंह जरा सनकी मिजाज के आदमी है। उसके दिमाग पर कब, कौन-सी सनक सवार हो जाय कुछ नहीं कहा जा सकता। एक दिन उन्होंने मुझसे कहा-''बेटा। अब जीवन की अंतिम बेला है। पचहत्तर बरस की अपनी उम्र में मैंने जीवन में बहुत कुछ देखा पर आज तक किसी अस्पताल का दर्शन नहीं कर पाया। बस यही अंतिम इच्छा कि अस्पताल दर्शन के पुण्य लाभ लेकर ही मोक्ष प्राप्त करूँ।'' मैंने कहा-''काका आपका दिमाग तो ठीक है? आज आप कैसी बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। आपसे ये किसने कह दिया कि अस्पताल दर्शन से पुण्य लाभ मिलता है, अस्पताल क्या कोई तीर्थ स्थान है जो आप तीर्थाटन करके मोक्ष पायेंगे? काका ने कहा-''बेटा तुम मेरी बात समझ नहीं रहे हो। मैं उस आदमी के दर्शन करना चाहता हूँ जो मुझे चंदरसिंह से चक्करसिंह बनाकर रफूचक्कर हो गया और मैं अपने नये नाम को सार्थक करते हुए आज तक चक्कर ही काट रहा हूँ।''

काका ने गहरी साँस लेते हुए कहा-''सब मतदाता परिचय-पत्र का कमाल है बेटा। पहले मतदान के लिए इसकी आवश्यकता नहीं होती थी जब इसकी आवश्यकता हुई तो कुछ लोग हमारे गाँव में इसे बनाने के लिए आये। मैंने उन्हे अपना नाम चंदरसिंह बताया पर उन्होंने चक्करसिंह लिख दिया। बाद में आधार कार्ड बना इसमें अपने परिचय के लिए मतदाता परिचय-पत्र को दिया तो उसमें भी चक्करसिंह ही लिखा गया। फिर पेनकार्ड के साथ-साथ और जितने भी कार्ड बने उन सब में भी यही नाम लिखा गया। बहुत दिनों के बाद जब



कर्ज लेने की आवश्यकता पड़ गई तब मैं अपने नजदीकी बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए गया, जब मेरे जमीन के पट्टे पर लिखे नाम और आधार कार्ड में लिखे नाम में मेल नहीं हुआ तब बैंक अधिकारी ने बताया कि आपका के सी सी नहीं बन सकता। पहले अपना नाम सुधार कराओ तभी ऋण मिल सकता है। तब मुझे पता चला कि मैं चंदरसिंह से चक्कर सिंह हो गया हूँ और अब तो इसे सुधरवाने के चक्कर में प्रमोशन पाकर घनचक्करसिंह हो गया हूँ। कभी-कभी लगता है कि मैं आदमी नहीं बल्कि कार्ड बनकर ही रह गया हूँ। गलती कोई और करे पर सजा कोई और भुगते यह इसी देश में संभव है, अब समझ में आई मेरी बात?''

डॉक्टर साहब ने मुझे डाँटते हुए कहा-''ये मिस्टर! ज्यादा होशियारी मत झाड़ो। डॉक्टरी आपने पढ़ी है कि हमने। हम बिना-जाँच पड़ताल के इलाज 'शुरू नहीं करते, चाहे वह आवश्यक हो या अनावश्यक। ये जिन्दा हैं या मर गये है। इसका फैसला आप नहीं बल्कि हम करेंगे क्योंकि डाक्टर हम हैं आप नहीं, समझे? भगवान का 'शुक्र है जो तुम अपना स्मार्ट कार्ड लेकर नहीं आये हो वरना अब तक तुम भी लेब के ही चक्कर काट रहे होते समझ गये?'' धमकी सुनकर मेरे होश उड़ गये। मैंने अपना मुँह बंद रखना ही उचित समझा, क्योंकि काका अभी उसी डॉक्टर के कब्जे में थे।

# अनाज का संकट बढ़ाती शराब



ब्रिटेन की स्वयंसेवी संस्था 'ऑक्सफेम' ने दुनिया में बढ़ रहे खाद्यान्न संकट के सिलसिले में चेतावनी दी है कि अनाज से यदि शराब और इथेनॉल बनाना बंद नहीं किया गया तो 2030 तक खाद्यान्नों की मांग 70 फीसदी बढ़ जाएगी और इनकी कीमतें भी आज के मुकाबले दोगुनी हो जएंगी। इस सच्चाई को भारतीय परिप्रेक्ष्य में तो कतई नहीं झुठलाया जा सकता है, क्योंकि केंद्र की वर्तमान यूपीए सरकार के महज सात साल के कार्यकाल में ही खाद्यान्नों की कीमतें डेढ़ सौ से दो सौ फीसदी तक बढ़ चुकी हैं। इस लिहाज से ऑक्सफेम के आंकड़ों को मनगढंत नहीं कहा जा सकता।

शराब और इथेनॉल के साथ हमारे यहां वायदा व्यापार भी अनाज की कीमतों में इजाफा करने में सहायक साबित हो रहा है। यदि भारतीय अर्थशास्त्रियों की मानें तो भारत में प्रति माह करीब 35 हजार करोड़ का वायदा व्यापार होता है। अकेले महाराष्ट्र में अनाज से शराब बनाने वाली 270 भट्टियों में 75 हजार लीटर से डेढ़ लाख लीटर तक रोजाना शराब बनाई जा रही है। इथेनॉल बनाने का कारोबार भी हजारों टन का आंकड़ा पार कर चुका है। इसके साथ ही मांसाहारियों की बढ़ती तादात भी खाद्यान्न संकट की एक बड़ी वजह बन रही है।

भारत में भुखमरी के बद्तर हालात होने के बावजूद महाराष्ट्र में अनाज से शराब बनाने के कारखानों में लगातार वृद्धि हो रही है। जबकि महाराष्ट्र देश का ऐसा राज्य है जहां विदर्भ क्षेत्र में गरीबी, भुखमरी और कर्ज के चलते ढाई लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। गरीबी का आकलन करने वाली सुरेश तेंदुलकर समिति ने भी महाराष्ट्र को देश के उन छह राज्यों में शामिल किया हुआ है, जहां गरीबी सबसे बद्तर हाल में है। इन चौंकाने वाली जानकारियों के बावजूद महाराष्ट्र की राज्य सरकार ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को शराब पिलाने का बीड़ा उठाया हुआ है। लिहाजा गरीब की भूख शांत करने वाले ज्वार, बाजरा और मकई से शराब बनाने का सिलसिला धड़ल्ले से जारी है। इस शराब उत्पादन से शर्मनाक पहलू यह श्रसर जूड़ा हुआ है कि लोकहित का बहाना लेकर इस सरकार ने किसानों कि बजाय दस रूपये प्रति लीटर सब्सिडी (छूट) उन उद्योगपतियों को दी है, जो कम कीमत में छोटी थैलियों में शराब बेचने की सस्ती व आसान सुविधा गली-कुंचों में उपलब्ध कराकर, गरीब की दैनिक मजदूरी भी निर्ममता से लूट रहे हैं।

इस पर भी सरकार का तुर्रा है कि इन फसलों से फायदा नहीं होने के कारण मजबूरीवश किसान कपास और सोयाबीन की खेती कर रहा है। ज्वार, बाजरा और मक्का से जब बड़े पैमाने पर शराब का उत्पादन शुरू हो जाएगा तो किसान फिर से इन फसलों को उपजाना शुरू कर देगा। यह बेजा तर्क एक संवेदनशील सरकार के लिए कतई उचित नहीं कहा जा सकता।

# पानी की कहानी

एक अमीर घराने का युवक था। वह अपने परिवार सहित शहर में रह रहा था उसकी ससुराल गांव में थी। वह पानी हमेशा मोटर से निकला हुआ और फ्रीज में लगा हुआ पीता था। पर गांव में उसकी ससुराल थी। और वह गांव में लगे नल के पानी से बहुत नफरत करता था यहां तक कि वह अपनी बारात भी पानी की वजह से गांव नहीं ले गया। शहर के एक पैलेस में ससुराल वालों को बुलवाकर वही अपनी शादी करवा ली। और वहीं से तुरंत अपने शहर वापस चला गया। उसके बाद वह कभी गांव आने का नाम ही नहीं लेता था। ना तो खुद आता था और न ही अपनी पत्नी और बच्चों को ही आने देता था। एक दिन उसका बच्चा पिंटू अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। अचानक उसके दोस्त पप्पू को बुलाने उसकी मां आ गई। और बोली बेटा घर जल्दी चल तुझे नानी के वहां ले जाना है। पप्पू चला गया।

और पिंटू वहां से सोचता हुआ घर आया और मम्मी से कहने लगा माँ मैं पप्पू के साथ खेल रहा था तभी उसकी माँ आई और - बोली बेटा घर जल्दी चल तुझे नानी के वहाँ चलना है। पापा तेरे तैयार हो चुके हैं मां नानी किसे कहते हैं इतनी बात बेटे की सुनते ही मां की आंखों में आंसू आ गए क्योंकि मां को 15 साल हुए थे वह गांव नहीं गई थी और बोली बेटा नानी उसे कहते हैं जो मां की मां हो। पिंटू समझ नहीं पाया और मां से कहता है कि मां की मां कौन है कहां है क्योंकि पिंटू समझ रहा था कि मां की मां तो यही है जिन्हें हम दादी मां कहते हैं बेटा ओ मां तुम्हारे पिता की मां है पिंटू बोला मां आपकी मां कहां है मां कहती है बेटा मेरी मां गांव में है पिंटू मां से कहता है कि मुझे भी गांव जाकर अपनी नानी से मिलना है और जिद करने लगता है तभी मां समझाती है वहां तुम्हारे पिताजी जाने नहीं देंगे मां क्यों नहीं जाने देंगे तब तक पिंटू के पापा आ जाते हैं पिंटू क्या हो रहा है। क्यों परेशान हो पिताजी मुझे अपनी नानी के वहां जाना है।

नहीं वहां तुम नहीं रुक पाओगे वहां सब पानी कुंए और तालाब का पीते हैं तुम बीमार हो जाओगे इतनी बात सुनी तो पिंटू शांत हो गया और शाम को सोते समय पप्पू की याद आई तो वह सोचने लगा कि पप्पू नानी के वहां जाता है तो बीमार नहीं होता है क्यों नहीं उसके मम्मी पापा मना करते हैं कि गांव नहीं जाना है। पर उसकी तो माँ बुलाकर गांव ले गई है उसने सुबह होते ही फिर जिद कर दी और बोला पिताजी पप्पू तो बीमार नहीं होता इतनी बात पिंटू की सुनकर पिंटू के पापा ने पिंटू को डांटते हुए कहा अबे शांत रह नहीं जाना है कहीं नहीं जाना है पिंटू ने दो दिन से खाना नहीं खाया बस वही जिद कि मैं नानी के वहां जाऊंगा. मैं नानी के वहां जाऊंगा.

# उल्लू को चुनिए, आदमी बनिए

हमारे मोहल्ले के घूरेजी चुनाव में खड़े हुए, खड़े क्या हुए, खड़े करवा दिए गए घूरे जी पिछले पचास सालों से समाज सेवक हैं उन्होंने तो आजीवन समाज सेवा का व्रत ले रखा था परन्तु उनके मित्रों एवं सहयोगियों ने कहा, घूरेजी जमाना तरक्की कर रहा है, और आप हैं, कि पिछले पचास वर्षों से जहां थे वहीं हैं "माना कि एक स्कूल मास्टर पूरी जिंदगी मास्टर ही रहता है, परन्तु आज वह भी ट्यूशन पढ़ा-पढ़ाकर तरक्की कर लेता है फिर आप तो समाज सेवक हैं, सेवा करने का आपको अनुभव है कुछ तरक्की करो यानि समाज सेवक के सीमित दायरे से बाहर निकलकर देश सेवक बनो चुनाव में खड़े हो जाओ"मित्रों ने मजबूर किया तो घूरेजी ने चुनाव में खड़ा होना मंजूर कर लिया वे चाहते तो कोई भी पार्टी उनका व्यक्तित्व देखकर उन्हें टिकिट दे देती परन्तु उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़ा होना उचित समझा उनका कहना था कि "आदमी को समाज सेवा या देश सेवा दलगत होकर नहीं करना चाहिए वरना आगे चलकर व्यक्ति दल के दल-दल में फंसकर, अपना उद्देश्य भूल, दल सेवा करने लग जाता है"बहुत सोच-विचार कर मित्रों से सलाह-मशविरा कर घूरेजी ने अपना चुनाव चिन्ह "उल्लू" रखा उल्लू पर उनकी दलील थी कि "आजादी के बाद नेताओं ने देश की जनता को इतना "उल्लू" बनाया अपनी असली सूरत ही भूल गए जब भी चुनाव आता है, वे अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं इसलिए उल्लू जनता का प्रतीक है, हम अपने चुनाव चिन्ह उल्लू के जरिए ज्यादा से ज्यादा जनता के करीब पहुंचेंगे"फिर हवा का रूख देखते हुए वे समझ गए कि आप कल चुनाव जातीयता के आधार पर लड़ा जाता है अगर उल्लू को देखकर नेताओं की तरह जनता भी भाई भतीजावाद पर उतर आई तो इसका सबसे ज्यादा फायदा "उल्लू" को ही मिलेगा वैसे भी लोग अपने बीच के व्यक्ति को चुनना ज्यादा उचित समझते हैं, ताकि वह उनके दुःख दर्द के समय उपलब्ध हो सकें. घूरेजी का उल्लू के प्रति तर्क था, कि दिनदहाड़े जो भ्रष्टाचार होता है, उसे तो सभी देख लेते हैं, परन्तु रात का भ्रष्टाचार उल्लू ही देख सकता है इसलिए उनका उल्लू रात की काली करतूतों पर नजर रखेगा वह देश का सजग प्रहरी बनेगा.

## कहानी

**शोभा गोस्वामी**

# मेरी अधूरी कहानी

एकटक सामने निहारते हुए तृप्ति की आँखें सामने ट्रेन की खिड़की से कुछ सोचते हुए क्षण भर तो उसमें खो सी गईं। अब ना तो ट्रेन की गड़गड़ाहट सुनाई दे रही थी और ना ही गुजरते हुए दृश्य दिखाई दे रहे थे तृप्ति खो सी गई थी। आधी उम्र के पड़ाव पर होकर उसको अपना अतीत चलचित्र की भांति नजर आ रहा था। एक रईस खानदान पिताजी जमींदार थे गांव और शहर में अनगिनत कोठी और दुकान थी। सोने चांदी का थोक व्यापार था संपन्नता से परिपूर्ण थे। छोटी थी लाड़ प्यार से पल रही थी। मां कम पड़ी लिखी थी एक दिन पिताजी को एक दूसरी लड़की पसंद आ गई और उन्होंने दूसरा विवाह कर लिया अपनी मां के आंखों में आंसू देख कर यह तो समझती थी कि मां जरूर परेशान हैं पर उम्र छोटी थी इसलिए सौतन का दर्द नहीं समझ पाती थी. धीरे धीरे दूसरी मां ने पिताजी को वश में कर लिया मेरी उम्र सात साल थी। कुछ समझती थी कुछ समझ में नहीं आता था. एक दिन पिताजी की तबीयत ज्यादा खराब हो गई डॉक्टर के पास गए जांच हुई तो पता चला पिताजी को तपेदिक हो गया है और बीमारी लाइलाज है।छह महीने में पिताजी का स्वर्गवास हो गया दूसरी मां पिताजी की चहेती थीं सारे पैसों का हिसाब किताब उन्हीं के पास था।

मां अंदर ही अंदर मायूस रहती थी दूसरी मां ने जायदाद का बटवारा नहीं होने दिया । मैंने बारहवें साल में प्रवेश किया मां मेरी शादी के लिए चिंतित रहने लगी। मैंने आठवीं तक पढ़ाई की तभी गांव में रिश्ता देखा जमींदार घर में रिश्ता तय कर दिया। मैं गांव में शादी करना नहीं चाहती थी। एक दिन मेरी मां ने कोई काम कहा मैंने मना कर दिया। मां ने कहा"जब ससुराल जाओगे तब पता चलेगा" मैंने कहा-"तुम ही जाना मैं गांव नहीं जाऊंगी। मां को बात चुभ गई मुनीम को बुला कर बोली लड़का दूसरा देखो पहली सगाई तोड़ दो मुनीम ने शहर में लड़का देखा निम्न मध्यमवर्गीय परिवार लड़का सरकारी नौकरी में था।

मैं साधारण शक्ल सूरत की सांवली लड़की थी। मेरे लिए जो वर देखा काफी सुंदर आकर्षक व्यक्तित्व था। मेरा कद छोटा लड़के का कद काफी ज्यादा था। मां ने मुनीम के साथ जाकर मेरा रिश्ता तय कर दिया काफी धूम धाम से मेरी शादी कर दी व्यापार सोने चांदी का था। इसलिए खूब सोना चांदी और दहेज दिया शादी के कुछ सालों बाद गौना किया।

बाल जीवन जा रहा था नवयौवन आ रहा था। मां के घर नौकर चाकर थे काम करना नहीं आता था ससुराल में बड़ा परिवार दादीसास सास ससुर, बुआ सास तीन नंद दो देवर थे दादी सास का कट्टर रवैया मुझे सहमा देता था। सब के गुस्से से डरती थी। इसलिए काम बिगड़ जाते थे सहमी सी रहती पति का गुस्सा सातवें आसमान पर रहता था। रूढ़ीवादी परिवार था सबको खाना खिलाकर फिर खाया करती थी। कभी सब्जी खत्म तो कभी दाल खत्म हो जाती थी।


# यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल

आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.






सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


# धारा की धार

वह धारा ही क्या जिसमें पवाह न हो। धारा एक धार है। किसी भी द्रव्य पदार्थ का बहाव है। सबसे पहले तो जल-धारा ही है, और इस जल-धारा के भी कितने ही रूप हैं। नदी या सरिता है। नाले हैं, नालियां हैं। सभी में पानी की धारा बहती है. कभी रुक-रुक कर, कभी तेज़ी से अविरल धारा बहती है। नदी की धारा में नावें बहती हैं। मंझधार आकर, जहां पानी की धारा (का बहाव) बहुत तेज़ होती है नाव आगे बढाने में बड़ी सावधानी बरतने पड़ती है, कहीं डूब ही न जाए! वर्षा भी तो जल-धारा ही है। कभी थोड़ी थोड़ी रुक रुक कर होती है तो कभी हमें वर्षा की 'अविरल धार' का सामना करना पड़ता है। ओलों का लगातार गिरना भी 'ओलों की धार' है। जमा किया हुआ वर्षा का जल बड़ा गुणकारी होता है। संस्कृत भाषा में इसे भी 'धारा' ही कहते हैं। 'समुद्री जल-धारा' तो अथाह है। तभी तो इसमें ज्वार-भाटे आते हैं। कभी गहरी चोट लग जाती है तो 'खून की धार' बहने लगती है। कभी इंसान बहुत दुखी होता है तो 'आंसुओं की धार' बहती है। बिजली का नंगा तार यदि आप छू लें तो वह करंट मारे बिना नहीं रहता। आखिर उसमें 'बिजली की धारा' जो बह रही है।

"तेल देखो तेल की धार देखो"। तेल की धार यदि बंध जाए तो वह एक लकीर सी बना देती है जिसमें बहाव का पता ही नही चलता। हमारे अविचल, अविछिन्न ध्यान की उपमा तेल की धार से ही दी गई है। न जाने ऐसी कितनी चीजें हैं कि जो तरल पदार्थ नहीं हैं लेकिन प्रकारांतर से उनकी भी धार की हम कल्पना कर लेते हैं। दूर-दर्शन और रेडियो पर प्रायः "धारावाहिक" नाटक प्रसारित होते रहते हैं। नाटक एक ही होता है किन्तु वह किश्तों में दिखाया जाता है, अतः धारावाहिक। इसी तरह पत्र-पत्रिकाओं में छपने वाली कई रचनाएं किश्तों में प्रकाशित होती हैं, वे भी 'धारावाहिक' कहलाती हैं। और तो और नियम और 'संविधान की धाराएं' भी होती हैं। नियमावली और संविधान तो एक ही होता है लेकिन उसमें अंकित अनुच्छेदों में अलग अलग बातें कही गईं हैं। ये सभी संविधान या किसी भी नियमावली की धाराएं हैं। अपराधियों को किसी न किसी धारा में ही गिरफ्तार किया जाता है। धारा' कहें या 'धार' कोई ख़ास अंतर नहीं है। लेकिन धार शब्द किसी वस्तु के किनारे की तीक्षता के लिए भी इस्तेमाल होता है. जैसे चाकू या तलवार या ब्लेड की धार। जब इन चीजों की धार कुंठित हो जाती है, धार दुबारा 'चढ़ाई' जाती है।

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# प्रशासन तैयार: अब जिम्मेदारी मतदाता राजा की

> जिले में 8 लाख 21 हजार 455 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे
> 80 प्रतिशत मतदान लक्ष्य हासिल करने के लिए उत्साहपूर्वक मतदान करें- कलेक्टर दैने

**गढ़चिरोली:**

20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधानसभा आम चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो रहा है. गढ़चिरौली जिले के तीन निर्वाचन क्षेत्रों अर्थात् 67-आर्मोरी, 68-गढ़चिरौली और 69-अहेरी में मतदान केंद्र पर दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा जब तक कि मतदान केंद्र पर कतार में मौजूद सभी मतदाता अपना वोट नहीं डाल देते। इसके लिए चुनाव प्रणाली तैयार है. मतदाताओं को मतदान का कर्तव्य निभाकर लोकतंत्र को मजबूत करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हालांकि प्रशासन ने लोकतंत्र के इस त्योहार को मनाते हुए कम से कम 80 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है, लेकिन जिला कलेक्टर संजय दैने ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लेकर सार्वभौमिक मतदान का एक नया आदर्श कायम करें.

**जिले में 8 लाख 21 हजार 455 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे**

विधानसभा चुनाव के लिए जिले में कुल 8 लाख 21 हजार 455 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 4 लाख 12 हजार 151 पुरुष, 4 लाख 9 हजार 294 महिलाएं और 10 तृतीय पक्ष शामिल हैं. इसमें 67-आरमोरी निर्वाचन क्षेत्र में 1 लाख 31 हजार 60 पुरुष, 1 लाख 31 हजार 710 महिला और 1 तृतीय पक्ष कुल 2 लाख 62 हजार 771 मतदाता, 68-गढ़चिरोली निर्वाचन क्षेत्र में 1 लाख 54 हजार 610 पुरुष, 1 लाख 52 हजार 610 महिला और 3 तृतीय पक्ष कुल 3 लाख 7 हजार 223 मतदाता एवं 69-अहेरी निर्वाचन क्षेत्र में 1 लाख 26 हजार 481 पुरुष, 1 लाख 24 हजार 974 महिला एवं 6 तृतीय पक्ष कुल 2 लाख 51 हजार 461 मतदाता शामिल हैं। जिले में महिला-पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग बराबर है.

**जिले में 17 हजार 665 नये मतदाता**

जिले में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 17 हजार 665 नये मतदाता हैं, जिनमें 9 हजार 915 पुरूष, 7 हजार 749 महिला एवं 1 तृतीय पक्ष शामिल है।

**972 मतदान केंद्रों के लिए 1166 बैलेट यूनिट और 1263 वीवीपैट उपलब्ध**



जिले में कुल 972 मतदान केंद्र हैं, जिनमें आरमोरी निर्वाचन क्षेत्र में 310, गढ़चिरौली में 362 और अहेरी में 300 मतदान केंद्र हैं। इन 972 मतदान केंद्रों के लिए 972 वोटिंग मशीनें वितरित की गई हैं। चुनाव वोटिंग मशीनें वितरित करते समय 20 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट और 30 प्रतिशत वीवीपैट मशीनें अतिरिक्त दी गई हैं। इसलिए, वितरित की गई कुल वोटिंग मशीनों में 1166 बैलेट यूनिट, 1166 कंट्रोल यूनिट और 1263 वीवीपैट मशीनें शामिल हैं।

**मतदान का समय**

आरमोरी, गढ़चिरौली, अहेरी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक है।

**जिले में 29 उम्मीदवार लड़ रहे हैं:** आरमोरी-8, गढ़चिरौली-9 और अहेरिटुन-12 उम्मीदवार मैदान में हैं गढ़चिरौली जिले में, अरमोरी निर्वाचन क्षेत्र से 8, गढ़चिरौली से 9 और अहेरी से 12 उम्मीदवार मैदान में हैं।

**67-आर्मोरी विधानसभा क्षेत्र:** रामदास मालुजी मसराम - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, कृष्णा दामाजी गजबे - भारतीय जनता पार्टी, आनंदराव गंगाराम गेदाम - निर्दलीय, शीलू प्रवीण गंटावर - निर्दलीय, मोहनदास गणपत पुरम - वंचित बहुजन अघाड़ी, चेतन नेवशा कटेंगे - आजाद समाज पार्टी ( कांशीराम), अनिल तुलाराम केरामी- बहुजन समाज पार्टी, खेमराज वट्टुजी नेवारे- स्वतंत्र.

**68-गढ़चिरौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र:** मनोहर तुलसीराम पोरेटी-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, डॉ. मिलिंद रामजी नरोटे - भारतीय जनता पार्टी, संजय सुभाष कुमरे - बहुजन समाज पार्टी, जयश्री विजय वेरमदा - पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया, भारत मंगरुजी यरमे - वंचित बहुजन अघाड़ी, योगेश बाजीराव कुमरे - गोंडवाना रिपब्लिक पार्टी, दिवाकर गुलाब पेंदाम - निर्दलीय, बालकृष्ण वंगनुजी सवासा - स्वतंत्र, डॉ. सोनल चेतन कोवे- स्वतंत्र

**69- अहेरी विधानसभा क्षेत्र:** अत्राम धर्मरावभा भगवंतराव - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, अत्राम भाग्यश्री धर्मरावबाबा - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार), रमेश वेला गावड़े - बहुजन समाज पार्टी, संदीप मारोती कोरेट - महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, नीता पेंटाजी तलांडी - प्रहार जनशक्ति पार्टी, अत्रम दीपक मल्लजी-निर्दलीय, कुमारम महेश जयराम- निर्दलीय, गेदाम शैलेश बिच्छू- निर्दलीय, नितिन कविश्वर पाडा- निर्दलीय, राजे अंबरीशराव राजे सत्यवानराव अत्राम- निर्दलीय, लेखामी भाग्यश्री मनोहर- निर्दलीय, हनमंतु गंगाराम मडावी- निर्दलीय

**विधानसभा चुनाव के लिए 1084 मतदान केंद्र**

प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी एवं कर्मचारी टीमें बनाकर संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गए हैं। 972 मतदान केन्द्रों के लिए 972 मतदान दलों के साथ-साथ 112 दल आरक्षित किये गये हैं। आरमोरी विधानसभा क्षेत्र में 310 मतदान केंद्रों के लिए आरक्षित टीम सहित कुल 346 मतदान दल, गढ़चिरौली विधानसभा क्षेत्र में 362 मतदान केंद्रों के लिए 403 मतदान दल और अहेरी विधानसभा क्षेत्र में 300 मतदान केंद्रों के लिए 335 मतदान दल सहित कुल 972 मतदान दल नियुक्त किए गए हैं। जिले में मतदान केंद्र.

**महिला, विकलांग, युवा एवं आदर्श मतदान केन्द्र**

मतदान के प्रति अधिक जन जागरूकता पैदा करने और सभी मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए महिलाओं द्वारा संचालित एक-एक महिला मतदान केंद्र, दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित दिव्यांग मतदान केंद्र और युवा कर्मचारियों द्वारा संचालित युवा मतदान केंद्र के साथ-साथ आदर्श मतदान केंद्र भी होंगे। . विशेष मतदान केंद्र होंगे

**67-शस्त्रागार निर्वाचन क्षेत्र:** 'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' क्रमांक 132 नगर परिषद मराठी प्राथमिक विद्यालय, कक्ष क्रमांक 1 नैनपुर वार्ड, शस्त्रागार। विकलांग नियंत्रित मतदान केंद्र क्रमांक 125 शहीद स्मारक कन्नमवार वार्ड देसाईगंज। युवा मतदान केंद्र क्रमांक 228 नगर परिषद कार्यालय कक्ष क्रमांक 1 शस्त्रागार। आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 116, नगर परिषद मराठी प्राथमिक विद्यालय, नई इमारत पटेल वार्ड कक्ष क्रमांक 2, देसाईगंज (तुकुम वार्ड)।

68-गढ़चिरौली निर्वाचन क्षेत्र: 'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' क्रमांक 88 पंचायत समिति कार्यालय, भट्ट भवन गढ़चिरौली। विकलांगता नियंत्रित मतदान केंद्र क्रमांक 92 कक्ष क्रमांक 1, शिवाजी कॉलेज, धनोरा रोड, गढ़चिरौली। युवा मतदान केंद्र क्रमांक 223 कक्ष क्रमांक 4, जिला परिषद स्कूल, चामोर्शी। आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 112, कक्ष क्रमांक 1, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर, नगर परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय,

69-अहेरी निर्वाचन क्षेत्र: 'महिला नियंत्रित मतदान केंद्र' क्रमांक 141 नागेपल्ली। निःशक्तता नियंत्रित मतदान केन्द्र क्रमांक 146 अहेरी, युवा मतदान केन्द्र क्रमांक 84 हेदरी, आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 173 सिरोंचा।

**मतदान के लिए वोटर आईडी के अलावा 12 प्रकार के आईडी प्रूफ स्वीकार्य हैं***

भारत निर्वाचन आयोग मतदाताओं के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान प्रमाण स्वीकार करेगा। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा के तहत जारी रोजगार पहचान पत्र, बैंक या डाक विभाग द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर शामिल हैं। जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, पेंशन दस्तावेज़, केंद्र या राज्य सरकार के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों, संसद, विधानसभा, द्वारा जारी किए गए फोटो पहचान पत्र। विधान परिषद के सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, विकलांग व्यक्तियों के लिए भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी विशेष पहचान पत्र मतदान के लिए स्वीकार किए जाने वाले 12 प्रमाण हैं। एनआरआई को अपनी पहचान साबित करने के लिए अपने मूल पासपोर्ट की आवश्यकता होगी।

**पुलिस बल पूरी तरह तैयार**

16 हजार सुरक्षाकर्मी, 7 हेलीकॉप्टर, 130 ड्रोन, 5 एंटी ड्रोन गन, 750 किमी. सड़क का उद्घाटन

नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गढ़चिरौली पुलिस बल पूरी तरह से तैयार है. जिले में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल / राज्य सशस्त्र पुलिस बल की कुल 111 कंपनियां और साथ ही नागपुर शहर, महाराष्ट्र पुलिस अकादमी नासिक और पुलिस प्रशिक्षण केंद्र जैसे विभिन्न स्थानों से 700 से अधिक स्थानीय होम गार्ड बल के जवानों सहित 16,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी हैं। नागपुर. फौजफाटा जिले के पूरे मतदान केंद्र पर जवानों की तैनाती कर दी गई है. जिले के 367 अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा सी-60/सीआरपीएफ, क्यूआरटी दस्ते की 36 इकाइयों के माध्यम से जिले के अति संवेदनशील वन क्षेत्रों में माओवादी विरोधी अभियान चलाया जाएगा.

जिले के सभी मतदान केंद्रों पर हवाई एवं सूक्ष्म निगरानी के लिए अत्याधुनिक ड्रोन से लैस 130 ड्रोन तथा माओवादियों के ड्रोन पर जवाबी हमला करने के लिए 05 एंटी ड्रोन गन तैयार रहेंगे. मतदान केंद्र तक आने-जाने के लिए उपयोग किए जाने वाले मार्ग पर डीएसएमडी/वाहन स्थापित किया गया है। एस। एम। डी. का उपयोग करते हुए लगभग 750 कि.मी. रोड ओपनिंग अभियान चलाया जा रहा है. इसके साथ ही भारतीय वायुसेना के 03 और भारतीय थल सेना के 2 ए. एल गढ़चिरौली पुलिस बल के समर्थन में कुल 05 हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं और गढ़चिरौली पुलिस बल के 02 हेलीकॉप्टरों की मदद से कुल 07 हेलीकॉप्टरों को वोटिंग मशीनों और गढ़चिरौली के विभिन्न संवेदनशील और अत्यधिक संवेदनशील 211 मतदान केंद्रों पर भेजा गया है। अन्य सामग्री. ड्यूटी पर तैनात पुलिस द्वारा कुल 2979 पोस्टल वोट डाले गए हैं। इसके साथ ही 170 आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे.

## मतदान के लिए आज प्रतिष्ठान बंद

गढ़चिरोली: जिले में विधानसभा आम चुनाव आज होगा. जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजय दैने ने उद्योग विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों को मतदान दिवस पर मतदान के लिए पर्याप्त अवकाश देने का आदेश दिया है, ताकि सभी मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें.

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (बी) के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति जो चुनाव क्षेत्र में किसी पेशे, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में लगा हुआ है और चुनाव में मतदान करने का हकदार है। मतदान के दिन राज्य विधानसभा में छुट्टी रहेगी. उक्त अवकाश उद्योग विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी औद्योगिक समूहों, निगमों, कंपनियों एवं संगठनों, औद्योगिक उपक्रमों अथवा अन्य प्रतिष्ठानों आदि पर लागू होगा। उप-धारा (1) के तहत दी गई छुट्टी के कारण ऐसे किसी भी व्यक्ति के वेतन में कोई कटौती नहीं की जाएगी।



असाधारण परिस्थितियों में यदि श्रमिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को पूरे दिन की छुट्टी देना संभव नहीं है, तो संबंधित प्रतिष्ठानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान क्षेत्र के श्रमिकों को किसी भी स्थिति में कम से कम दो घंटे की छूट मिले। वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए। उद्योग विभाग के अंतर्गत सभी निगमों, औद्योगिक समूहों, कंपनियों और संस्थानों, औद्योगिक गतिविधियों के प्रतिष्ठानों आदि को सख्ती से सुनिश्चित करना चाहिए कि उपरोक्त निर्देशों का उचित अनुपालन किया जाए। कलेक्टर के आदेश में कहा गया है कि यदि मतदाताओं की ओर से मतदान के लिए उचित छुट्टी या रियायत नहीं मिलने के कारण मतदान नहीं कर पाने की शिकायत मिलती है, तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी.

## कार में सांप, कुछ समय के लिए डर का माहौल

**चंद्रपुर.**

आम तौर पर सांप का नाम सुनने या देखने से ही अच्छों अच्छों की हालत खराब हो जाती है. और जब एक महिला कर्मचारी को अपने ही कार में सांप को घुसते हुए देखकर उसके होश उड़ गए. ये घटना चंद्रपुर के दुर्गापुर स्थित वेस्टर्न कोल फील्ड सब एरिया ऑफिस के एक कर्मचारी स्नेहा कांबले ने अपनी ज्यूपिटर कार में एक सांप को घुसते देखा, वे कार में सांप की मौजूदगी से ही काफी सहम गई. कार्यालयीन कर्मचारियों में सांप कार में होने की बात आग की तरह फैल गई. सभी लोग कार के बाहर से ही सांप को ढूंढने लगे. मगर सांप तो कार में शाही सवारी कर रहा था. आनन फानन में किसी जानकार ने हैबिटेट कंजर्वेशन सोसाइटी के सदस्य अमित देशमुख को कार में सांप होने की जानकारी दी। तुरंत सर्पमित्र अमित देशमुख मौके पर




पहुंचा और ज्यूपिटर कार में बैठकर सांप को ढूंढने की कोशिश की. अमित को सांप कही दिखाई नहीं दिया, सभी संभ्रम में यही सोच रहे थे कार के अंदर घुसा सांप कहां है ? आखिरकार सर्पमित्र अमित देशमुख ने कार स्टार्ट की, लेकिन सांप बाहर नहीं आ रहा था। कार की डिक्की खोलने से छुपे हुए सांप का पता चला, सर्पमित्र अमित देशमुख ने लोगो को बताया कि, "ब्रॉन्ज बैंक ट्री स्नेक" रुखाई प्रजाति का एक गैर विषैला सांप है. और मशक्कत के बाद सांप को पकड़ा गया। सभी ने गहरी सांस लेकर अपने कार्य पर निकल पड़े.

"कांस्य बैंक ट्री स्नेक" रुखाई प्रजाति एक पेड़ पर रहने वाला सांप है, जो शुष्क पर्णपाती से लेकर अर्ध-सदाबहार तक विभिन्न प्रकार के जंगलों में रहता है और यहां तक कि शहर में भी यह अक्सर बगीचों में पाया जाता है, जो पश्चिमी कोयला क्षेत्र उप क्षेत्र कार्यालय में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। दुर्गापुर जहां पेड़ों की बहुतायत है, उनके भोजन में पौधे, छिपकलियां, मेंढक, छोटे पक्षी शामिल हैं, यह जहरीला नहीं है और इंसानों के लिए कोई खतरा नहीं है। यह एक लंबा, पतला सांप है जिसका सिर नुकीला है और इसकी पीठ के दाहिनी ओर कांस्य रंग की एक रेखा है। यह अपनी एकसमान खुरदरी भूरी त्वचा, चिढ़ने पर नीले रंग के शरीर के हिस्से के कारण पत्तियों के बीच छिप जाता है। यह सांप अप्रैल में पेड़ों के खोखलों और सड़ती वनस्पतियों में 6-8 अंडे देता है। सांप को पकड़कर जंगल में सुरक्षित छोड़े जाने के समय हैबिटेट कंजवेंशन सोसायटी के अध्यक्ष दिनेश खाते, अमित देशमुख, पिंटू मौजूद थे।

## दिल्ली का दम घोंटने में पाकिस्तान का हाथ?

**इस्लामाबाद.** देश का दिल कही जाने वाली दिल्ली का गला रुंध रहा है। आस-पास के इलाकों में भी कुछ ऐसा ही आलम है। अब तक कहा जाता था कि दिल्ली में प्रदूषण का कारण पंजाब और हरियाणा में पराली का जलना, दिवाली पर आतिशबाजी और राजधानी में हो रहा कॉन्स्ट्रक्शन जिम्मेदार है। लेकिन अब इस प्रदूषण का एक ऐसा कारण सामने आया है जिसे जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। इधर राजधानी दिल्ली के फेफड़े चोक हो रहे हैं तो दूसरी तरफ पाकिस्तान के दो शहरों लाहौर और मुल्तान में एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स 2000 को पार कर गया है। जिसे देखते हुए पाकिस्तानी सरकार ने इन दोनों शहरों में पूरी तरह से लॉकडाउन लगा दिया है।

गौरतलब है कि हर साल सर्दियों में सिंधु-गंगा के मैदानी इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर जाता है।



सर्दियों के दौरान भारत की राजधानी दिल्ली में 72 फीसदी हवा उत्तर पश्चिम दिशा से आती है। इन हवाओं के साथ राजस्थान, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से धूल देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में पहुंचती है। वहीं थर्मल इनवर्जन की वजह से प्रदूषण वायुमंडल की ऊपरी परत पर नहीं फैल पाता। इसलिए दिल्ली में वायु प्रदूषण का प्रकोप तेजी से बढ़ता है। दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण बढ़ने का एक मुख्य कारण किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाना है। किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए भारत सरकार ने फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) योजना शुरू की है।

## अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते से गढ़वाल समाज के शिष्टमंडल की चर्चा रही सफल

**गढ़चिरोली/नागपुर / बालाघाट :** रविवार 17 नवंबर को नागपुर रवि भवन में भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) श्री फग्गन सिंह कुलस्ते जी के साथ अखिल भारतीय गढ़वाल समाज का उच्च स्तरीय शिष्ट मंडल ने राजनीतिक और सामाजिक विकास के संदर्भ में उच्च स्तरीय चर्चा एवं प्रस्ताव रखकर आगामी 5 साल की कार्य योजना को सफल करने का माननीय श्री कुलस्ते जी की ओर से ठोस आश्वासन गढ़वाल समाज ने लिया।

गढ़वाल समाज द्वारा महाराष्ट्र में किसी विशेष अभियान में व्यस्तता से समय मिलते ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के विदर्भ अंचल के प्रभारी बनकर नागपुर में पहुंचे श्री फग्गनसिंह कुलस्ते का नागपुर में आगमन होने की जानकारी महाराष्ट्र राज्य गढ़वाल समाज के अध्यक्ष श्री प्रकाश आर अर्जुनवार को मिलते ही उन्होंने सुबह-सुबह अपने मोबाइल से फोन मिलाकर बात किया और नागपुर में तत्काल एक गढ़वाल समाज के उच्च स्तरीय मंडल की भेंट वार्ता की आग्रह पुर्वक इच्छा प्रकट की और बदले में श्री कुलस्ते जी ने श्री प्रकाश अर्जुनवार को अपने निवास में विशेष वार्ता के लिए आमंत्रित किया।

रवि भवन कॉटेज नागपुर में श्री कुलस्ते जी के साथ अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के अध्यक्ष श्री रविंद्र नागेश्वर, अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के उपाध्यक्ष तथा महाराष्ट्र राज्य गढ़वाल समाज के अध्यक्ष विश्व शांतिदूत प्रकाश आर अर्जुनवार, अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के भूतपूर्व कोषाध्यक्ष तथा वर्तमान सक्रिय सामाजिक नेता



श्री राजेश नागवंशी, अखिल भारतीय गढ़वाल समाज महासभा के संरक्षक तथा नागपुर महानगर गढ़वाल समाज मंडल अध्यक्ष श्री रामकुमार बंशपाल, महाराष्ट्र राज्य गढ़वाल समाज कोषाध्यक्ष श्री दुर्गाप्रसाद शिववंशी नागपुर महानगर गढ़वाल समाज मंडल उपाध्यक्ष व युवा नेता श्री कुलदीप परिमल व निलेश भारद्वाज इत्यादि सहित सामाजिक मित्र श्री विनय मिश्रा जी प्रमुख रूप से गढ़वाल समाज के इस उच्च स्तरीय शिष्ट मंडल में उपस्थित थे। शिष्ट मंडल का विषय था गढ़वाल समाज का समग्र विकास होने हेतु एक उचित प्रयास। सभी पदाधिकारियों द्वारा श्री कुलस्ते जी से अभिवादन और अनौपचारिकता निभाने के पश्चात देश के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री फग्गनसिंह कुलस्ते से गढ़वाल समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अहम् अनुभव रखने वाले वरिष्ठ नेता श्री प्रकाश अर्जुनवार ने सीधा गढ़वाल समाज के विकास संदर्भ में बात करते हुए श्री कुलस्ते जी पर आरोप लगाया की आप अपने देश के कोने कोने में अनेक समाज जाति के लोगों को राजनीति में आगे बढ़ाया लेकिन आपके चुनाव क्षेत्र में रहने वाले बालाघाट - सिवनी जिला में बड़ी संख्या में रहने वाला गढ़वाल समाज के किसी भी एक व्यक्ति को भी अपने राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, खेल या आर्थिक क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ाया। आपने गढ़वाल समाज का सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक वोटर के रुप में उपयोग किया है और समाज की तरफ दुर्लक्ष किया है।

परंतु मेरा और हमारे गढ़वाल समाज का आपसे आग्रह पुर्वक निवेदन है हमारा गढ़वाल समाज बालाघाट और सिवनी क्षेत्र में जनसंख्या के मामले में और आजादी के आंदोलन के मामले में राजनीतिक क्षेत्र के मामले में किसी भी समाज से खास तौर पर मरार समाज, पवार समाज, लोधी समाज और किसी भी समाज से पीछे नहीं है। ऐसे में हमारे समाज के लोग बालाघाट आगामी आगामी विधानसभा चुनाव में गढ़वाल समाज द्वारा बालाघाट विधानसभा तथा परसवाड़ा विधानसभा के साथ-साथ सिवनी बालाघाट लोकसभा क्षेत्र में अपनी दावेदारी मजबूती के साथ रखने वाला है। अतः आप गढ़वाल समाज के प्रत्याशियों को गढ़वाल समाज के विकास के लिए गढ़वाल समाज का नेतृत्व करने और समाज के लोगों का राजनीति में टिकट दिलाने में सिफारिश करना आवश्यक है। इस प्रकार जिला पंचायत की टिकट सिवनी जिला तथा बालाघाट जिला में 10-10 टिकट दिलाने में आपकी राजनीतिक सहायता मिलना आवश्यक है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश की तरह महाराष्ट्र राज्य में गढ़वाल समाज को ओबीसी का आरक्षण दिलाने तथा मध्य प्रदेश में गढ़वाल समाज को समाज के चाहने पर अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति में से कोई एक जाति का आरक्षण दिलाने का उच्च स्तरीय प्रयास कर गढ़वाल समाज को सामाजिक व राजनीतिक मदद व सहायता करना आवश्यक होगा।

इस पर श्री फग्गनसिंह कुलस्ते जी ने कहा की आपके गढ़वाल समाज के योग्य व उचित कार्यकर्ता और नेताओं को बालाघाट और परसवाड़ा विधानसभा में तथा जिला जिला पंचायत में सक्रियता से काम में लगाओ तथा जीत के आने लायक स्थिति बनने पर मैं गढ़वाल समाज के प्रत्याशियों का दिल खोलकर समर्थन करूंगा। इस प्रकार महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में जाति के आरक्षण दिलाने के लिए राज्य और केंद्र में भरसक प्रयास करूंगा ताकि गढ़वाल समाज के लोगों की समस्या मेरे द्वारा दूर होने पर मुझे बेहद खुशी होगी। मैं गढ़वाल समाज के समग्र विकास के लिए हर संभव सहायता करने की कमी नहीं करूंगा ऐसा ठोस आश्वासन श्री कुलस्ते जी ने गढ़वाल समाज के उच्च स्तरीय शिष्ट मंडल को दिया।

भेंटवार्ता एवं चर्चाओं में माननीय श्री कुलस्ते जी द्वारा गढ़चिरोली जिला सहित विदर्भ महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों, मध्य प्रदेश तथा केंद्रीय स्तर तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उल्लेखनीय कार्यों और परिदृश्य की चर्चा करते हुए महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन सरकार बनने का विश्वास दिलाया। शिष्ट मंडल में उपस्थित श्री रविंद्र नागेश्वर, राजेश नागवंशी, श्री रामकुमार बांसपाल, श्री कुलदीप परिमल, श्री दुर्गा प्रसाद शिवांशी, नितेश भारद्वाज ने केंद्रीय आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री फग्गनसिंह कुलस्ते जी को विविध समस्या बताकर गढ़वाल समाज का सरकारी स्तर पर नेतृत्व व सहायता करने का हार्दिक आवाहन किया।

## 'वोट जिहाद' पर अबू ने बीजेपी को घेरा

**मुंबई.**

राज्य में 'वोट जिहाद' बड़ा सियासी मुद्दा बन गया है. बीजेपी लगातार महाविकास अघाड़ी पर वोट जिहाद का आरोप लगा रही है और दावा कर रही है कि मौलाना धर्म के नाम पर अपने समर्थकों को एमवीए को वोट देने की बात कर रहे हैं. वहीं, इस मामले में मौलाना सलमान अजहरी पर कार्रवाई भी की गई थी, जिसका विरोध समाजवादी पार्टी प्रत्याशी और मानखुर्द विधायक अबू आजमी ने किया है.

अबू आजमी ने कहा, "मौलाना सलमान अजहरी कोई आरोपी नहीं, उन्हें झूठे केस में फंसाया गया है.

उन्होंने कोई हेट स्पीच नहीं दी है." वहीं, अबू आजमी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा, "यह बीजेपी वाले जो बोलते हैं वो क्या है फिर? मौलाना को जबरदस्ती जेल में डाल दिया गया, फिर उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा तब जाकर राहत मिली. इतना ही नहीं, उन्हें बेवजह डिटेंशन सेंटर में भी रखा गया.

इसमें कौन सा वोट जिहाद है? अबू आजमी ने आरएसएस पर भी वही काम करने का आरोप लगाया जिसे बीजेपी कथित तौर पर 'वोट जिहाद' कह रही है. सपा नेता ने कहा, "धर्मगुरु जो वोट देने की बात कर रहे हैं, उसमें कुछ नया नहीं है. आरएसएस भी घर-घर जाकर यही कर रही है. सब कुछ खुलकर सामने आया है और धर्म के नाम पर वोट मांगने की शुरुआत बीजेपी-आरएसएस वालों ने की थी.

## बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंची आरोपी की मां

**मुंबई.**

बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस मुठभेड़ में हुई मौत के बाद उनकी मां अलका अन्ना शिंदे ने सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अन्य राजनेताओं के साथ-साथ कई मीडिया हाउसों के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया है. आरोपी की मां ने मजिस्ट्रेट कोर्ट और बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर इन सभी से बिना शर्त माफी और करोड़ों रुपये का हर्जाने की मांग की है.

अलका ने अपने वकील कतरनवारे के द्वारा अदालत में आपराधिक मानहानि और सिविल मानहानि का मुकदमा दायर किया है और प्रत्येक राजनेता से बिना शर्त माफी और करोड़ों रुपये से ज्यादा की क्षतिपूर्ति की मांग की है. उन्होंने राजनीतिक दलों और मीडिया हाउस से 300 करोड़ रुपये की मांग की है. उन्होंने याचिका में अपना पता कल्याण रेलवे स्टेशन के पास एक बस स्टॉप बताया है.

उन्होंने दावा किया कि जैसे ही उनके बेटे को 12 से 13 अगस्त के बीच हुए बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार किया गया, विरोध प्रदर्शन किया गया. जब मीडिया ने उनके बेटे की तस्वीरें दिखाईं तो उनके और उनके पति के साथ मारपीट की गई और उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया. बेटे की गिरफ्तारी के बाद उनके परिवार का समाज न बहिष्कार कर दिया. अलका का कहना है कि वह और उनके पति अब भी कभी बस स्टॉप तो कभी कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रह रहे हैं. अलका मैनुअल सफाईकर्मी के रूप में काम करती हैं और कहती हैं.



मुकदमे में दावा किया गया है कि यह मुठभेड़ कथित तौर पर इस हफ्ते होने वाले चुनाव में राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए की गई थी. उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया है और उन्होंने अपनी आजीविका का एकमात्र स्रोत खो दिया है. इसी बीच 23 सितंबर को उनके बेटे का कथित तौर पर पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया.

याचिका में आरोप लगाया गया कि राजनेताओं और उनके समर्थकों ने आगे बढ़कर मुठभेड़ का समर्थन किया.

और इसमें देरी के लिए न्यायिक प्रणाली की आलोचना की. आरोप है कि मनसे नेता राज ठाकरे की पत्नी ने पुलिसकर्मियों की तारीफ की और मांग की कि बलात्कार के मामलों में ऐसे एनकाउंटर नियमित रूप से होने चाहिए. याचिका में आरोप लगाया गया कि अक्षय शिंदे एक "राजनीतिक पीड़ित" थे और अलका और उनके परिवार को समाज से नफरत झेलनी पड़ी, क्योंकि कुछ राजनेताओं ने उनके बेटे को राक्षस घोषित कर दिया और उनके अंतिम संस्कार का भी विरोध किया. परिवार की शिकायत यह है कि अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने से पहले ही उनके बेटे को दोषी ठहराया गया था. परिवार का कहना है कि उनकी बदनामी के कारण उन्हें मैनुअल सफाई का काम नहीं मिल रहा है और उन्हें जीवनयापन के लिए भीख मांगने का सहारा लेना पड़ रहा है.

## मुठभेड़ के दौरान खूंखार नक्सली ढेर

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के उडुपी जिले में करकला तालुक के ईदु गांव के पास नक्सल विरोधी बल (एएनएफ) ने एक खूंखार नक्सली को मार गिराया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मृतक नक्सली की पहचान विक्रम गौड़ा के तौर पर की गई है। राज्य गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बताया कि एएनएफ पिछले 20 साल से विक्रम गौड़ा को पकड़ने की फिराक में थी। उसे एक खूंखार नक्सली करार देते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि वह कई बार भाग चुका था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, सोमवार की शाम को तलाशी अभियान के दौरान एएनएफ ने नक्सलियों के एक समूह को देखा। एएनएफ की टीम को देखते ही नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। एएनएफ की टीम ने भी इसका पलटवार किया और नक्सली विक्रम गौड़ा को मार गिराया। हालांकि, इस दौरान अन्य नक्सली भागने में कामयाब रहे।

एक अधिकारी ने कहा, "विक्रम गौड़ा पिछले दो दशक से दक्षिण भारत में नक्सली अभियानों का नेतृत्व कर रहा था। वह केरल, तमिलनाडु और कई बार कर्नाटक के कोडागु में छिपा था।" पत्रकारों से बात करते हुए राज्य गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा, "अचानक से नक्सली पुलिस वालों पर गोलीबारी करने लगा। पुलिस की तरफ से पलटवार करने पर वह मारा गया। उसके साथ दो-तीन नक्सली थे जो भागने में कामयाब रहे। एएनएफ पुलिस तलाशी अभियान जारी रखेगी। उन्होंने आगे कहा कि विक्रम गौड़ा काफी ज्यादा सक्रिय था और एक राज्य से दूसरे राज्य में घूमता रहता था। एएनएफ उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहा था, लेकिन उसे गिरफ्तार करने में असमर्थ थी।

CMYK

# मुंबई में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

## > 30 हजार पुलिसकर्मी होंगे तैनात

**मुंबई.**



विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग की तैयारियां पूरी हो चुकी है. पोलिंग बूथ से लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. राजधानी मुंबई में मतदान के दिन 30 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा. मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई में वोटिंग के दिन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के 5 अधिकारी, 20 पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) और 83 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बंदोबस्त के दौरान विभिन्न टीमों का नेतृत्व करेंगे 25 हजार से ज्यादा पुलिस कॉन्स्टेबल, 3 रायट कंट्रोल पुलिस की टीम मुस्तैद रहेगी.

इस चुनाव में मुंबई में 175 करोड़ रुपये कीमत की कैश, वेल्युएबल्स, शराब और ड्रग्स जप्त किये गए हैं. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार यानि आज मतदान किया जाएगा. चुनाव आयोग महाराष्ट्र के ये चुनाव एक ही चरण में संपन्न करवा रहा है. इस चुनाव के नतीजे शनिवार (23 नवंबर) को घोषित किए जाएंगे. अधिकारी और कर्मचारी अपना सामान लेकर केंद्रों की ओर रवाना हो गए हैं। दोपहर तक कई अधिकारी और कर्मचारी ईवीएम मशीनों और मतदान सामग्री के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंच गए। बता दें कि आज यानी बुधवार, 20 को राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। मतदान के बाद मतगणना 23 नवंबर हो होगी जिसके बाद राज्य को अपनी नई सरकार मिल जाएगी।

### 4 हजार होमगार्ड होंगे तैनात

इसके अलावा ट्रैफिक कंट्रोल के लिए 144 पुलिस अधिकारी और एक हजार पुलिस कांस्टेबल को शहर में तैनात किया जाएगा. पुलिस ने बताया कि 4 हजार से ज्यादा होम गार्ड भी तैनात किए गए हैं. स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), एफएसटी सहित 26 सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स/ स्टेट आर्म्ड पुलिस फोर्स की टुकड़ियां तैनात की जाएंगी.

## सदानंद थरवल शिंदे गुट में हुए शामिल

**मुंबई.** जहां एक तरफ आज बुधवार 20 को महाराष्ट्र विधानसभा की 288 विधानसभा सीटों के लिए सिंगल फेज में ही मतदान होना है। वहीं इस माहोल के बीच मिली खबर के मुताबिक शिवसेना के नेता सदानंद थरवल, उनके बेटे अभिजीत सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आज शिंदे की शिवसेना ज्वॉइन की है। इस तरह मतदान से पहले ही ठाणे के डोंबिवली में उद्धव को बड़ा झटका लगा है। डोंबिवली से दीपेश म्हात्रे को टिकट दिए जाने से सदानंद पहले से ही नाराज चल रहे थे। जानकारी दें कि, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार बीते सोमवार को थम चुका है। वहीं इस बार यहां चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाद्रा और कई केंद्रीय मंत्रियों समेत प्रमुख नेताओं ने अपने-अपने दलों के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया था।

## हमें हिंदू धर्म मत सिखाओ'

### > जरांगे और कालीचरण की जुबानी जंग




**मुंबई.** राज्य में विधानसभा चुनाव का प्रचार थम गया है। प्रचार की बंदूकें ठंडी हो गई हैं और अब बुधवार को मतदान होगा। हर कोई इस बात को लेकर उत्सुक है कि चुनाव में मतदाता किसे वोट देंगे। इस बीच कुछ नेताओं के बीच विवाद खड़ा हो गया है। मराठा नेता मनोज जरांगे और धर्मगुरू कालीचरण महाराज के बीच खींचतान चल रही है। दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हो रही है। दोनों के बीच हो रही जुबानी जंग ने शब्दों की मर्यादा खोई है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए छत्रपति संभाजीनगर में कालीचरण महाराज ने महायुति के उम्मीदवार के प्रचार के लिए एक सार्वजनिक बैठक की। वह इस बैठक से उठकर चले गए। कालीचरण महाराज ने विपक्ष के साथ-साथ मराठा नेता मनोज जरांगे पाटिल की भी आलोचना की। उन्होंने जरांगे पाटिल को राक्षस भी कहा। इस पर जमकर राजनीति होने पर मनोज जरांगे पाटिल ने कालीचरण महाराज को करारा जवाब दिया है। जरांगे ने कालीचरण पर सवाल उठाते हुए कहा कि "बाबा आप हमारा दर्द नहीं जानना चाहते। तुम बटुए लेकर कीर्तन करो, हमें हिंदू धर्म मत सिखाओ।

## घने कोहरे से ढंकीं मुंबई की गगनचुंबी इमारतें

**मुंबई.**



शहर में मंगलवार की सुबह जहरीली धुंध से भरी रही। शहर पर कोहरे और धुंध की मोटी परत छाई रही, जिससे दृश्यता में काफी कमी आ गई। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान प्रणाली (सफर) के मुताबिक, मुंबई का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 10 बजे तक 107 दर्ज किया गया।

गिरगांव चौपाटी इलाके से आई तस्वीरों में घने कोहरे को देखा जा सकता है, जो पूरे इलाके को घेरे रहा। कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई और आस-पास की ऊंची इमारतें भी धुंध में खो गईं। चौपाटी इलाके में सुबह की सैर करने आए शुभाष मांजरेकर ने कहा, पिछले पांच वर्षों में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। इलाके में पेड़ भी काटे गए हैं। मैं एसकेपीजी ग्रुप का सदस्य हूं, जो यहां रोज सुबह सैर करने आता हूं। वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि चिंता का विषय है। मैं प्रशासन से अपील करता हूं कि इस मुद्दे पर कार्रवाई की जाए।

वहीं, हरियाणा के अंबाला शहर में भी आज सुबह एक घने कोहरे की परत ने शहर को ढक लिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, अंबाला शहर की वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में रही। सर्दी के साथ घने कोहरे की परत ने राजस्थान के अजमेर शहर को ढक लिया। लोग खुद को गर्म रखने के लिए अलाव के पास बैठे हुए दिखे। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि सर्दी बढ़ने के साथ ही उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा देखा गया। दिल्ली में भी वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी रही। मंगलवार सुबह दिल्ली का एक्यूआई 488 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर प्लस' श्रेणी में आता है। इस स्तर पर हवा खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस या हृदय रोग के पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य के लिए खतरनाक मानी जाती है।राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता बहुत खराब हो गई है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर हो सकता है। दिल्ली में प्रदूषण के गंभीर स्तर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक नोटिस जारी किया, जिसमें सलाह दी गई कि कानून समुदाय से जुड़े लोग मास्क पहने और स्वास्थ्य उपायों का पालन करें।

## चुनाव कर्मचारियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त

### > 4 महिला कर्मचारी घायल




**जलगांव.** धुले जिले में विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले मंगलवार को किनगांव (यावल) में चुनाव कर्मचारियों का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 4 महिला कर्मचारी घायल हो गईं। हादसे के वक्त ये चुनाव कर्मचारी वाहन में कल होने वाले मतदान के लिए जरूरी चुनाव संबंधी सामग्री लेकर मतदान केंद्र की ओर जा रही थीं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत नजदीकी चोपड़ा ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब वाहन में सवार होकर चुनाव कर्मचारी जलगांव से रावेर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान सामग्री ले जा रहे थे। वाहन में केंद्र अधिकारी के रूप में नियुक्त शिक्षण विस्तार अधिकारी मीनाक्षी सुलताने, प्राथमिक शिक्षिका ज्योती भादले, कविता बाविस्कर और लतीफा खान सवार थे। यह हादसा यावल तहसील के किनगांव बुद्रुक गांव के पास हुआ। यह दुर्घटना चुनाव से पहले की महत्वपूर्ण तैयारियों के दौरान हुई, जब मतदान केंद्रों पर सामग्री पहुंचाने का काम जारी था। घायल अधिकारियों का इलाज चोपड़ा अस्पताल में जारी है। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस घटना से मतदान प्रक्रिया में कोई अवरोध पैदा न हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों ने मतदान सामग्री को निर्धारित केंद्रों तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है। विधानसभा चुनाव के प्रचार थमने के बाद, पूरे राज्य समेत जिले में भी मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है।

## धुले में 18.5 लाख लोग करेंगे मताधिकार का उपयोग

### > चुनाव को लेकर वोटर्स में उत्साह

**धुले.** विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे राज्य समेत धुले जिले में 18,31,326 मतदाता कल बुधवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र पापलकर ने बताया कि प्रशासन ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार सभी तैयारियां कर ली हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा आम चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसके अनुसार धुले जिले की 5 विधानसभा सीटों साक्री, धुलिया ग्रामीण, धुलिया शहर, शिंदखेडा और शिरपुर में 20 नवंबर को मतदान होगा।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के संदर्भ में धुले जिले के जिलाधिकारी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इस दौरान



जिला चुनाव निर्णय अधिकारी जितेंद्र पापलकर ने बताया कि जिले में साक्री विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1,86,884 पुरुष, 1,78,516 महिला और 7 तृतीयपंथी मतदाता हैं, जिनकी कुल संख्या 3,65,460 है। इसी के साथ, धुलिया ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2,10,743 पुरुष, 1,98,731 महिला और 1 तृतीयपंथी मतदाता हैं, जिनकी कुल संख्या 4,09,475 है। इसके अलावा धुले शहर विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता 1,88,529, महिला मतदाता 1,75,880, तृतीयपंथी मतदाता 31 और कुल मतदाताः 3,64,440 हैं। वहीं, शिंदखेडा विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाता 1,73,446, महिला मतदाता 1,67,562 व कुल मतदाता 3,41,008 हैं। बात करें शिरपुर विधानसभा क्षेत्र की तो यहां पुरुष मतदाता 1,77,206, महिला मतदाता 1,73,779 व तृतीयपंथी मतदाता 11 हैं। कुल मिलाकर, जिले में 18,31,326 मतदाता हैं। जिले में 1,753 मतदान केंद्र हैं, जहां चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार 50% मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, जिले में 4 मतदान केंद्र क्रिटिकल हैं, जिन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सुरक्षा और मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिले में सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है और बैठे व गश्ती दस्ते कार्यान्वित किए गए हैं। यह व्यवस्था मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने में मदद करेगी। इसके अलावा, मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है.

## साथी की तलाश में बाघ महाराष्ट्र से पहुंचा तेलंगाना

**मुंबई.**



बाघ अपने शिकार और साथी को ढूंढने के लिए लंबे समय तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर सकता है। महाराष्ट्र के नांदेड़ में किनवट का एक बाघ जॉनी अपनी साथी की तलाश में तेलंगाना तक पहुंच गया। वन अधिकारियों के अनुसार, सर्दी के मौसम में बाघों के प्रजनन का समय है। कुछ नर बाघ मादा बाघ की की तलाश में लंबी यात्रा पर निकल पड़ते हैं। साथी की तलाश में जॉनी ने 300 किमी से अधिक की दूरी तय कर ली है। उसने अपनी यात्रा अक्तूबर के तीसरे हफ्ते में शुरू की थी।

वन विभाग के अधिकारी प्रशांत बी. पाटिल ने कहा, महाराष्ट्र का एक 7 वर्षीय बाघ एक महीने से अधिक समय से साथी की तलाश कर रहा है। वह अब तक 300 किमी से ज्यादा की दूरी तय कर चुका है। कुछ दिनों में इस क्षेत्र में मादा बाघ के मिलने की संभावना है। महाराष्ट्र से नर बाघ सर्दियों के समय साथी की तलाश में पूर्ववर्ती आदिलाबाद जिले के जंगलों में चले जाते हैं।

अधिकारियों का कहना है कि बाघ लगभग 100 किमी दूर से मादा बाघों द्वारा छोड़ी गई एक विशेष गंध को सूंघ सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि नर बाघ आसानी से गंध पकड़ सकते हैं और मादा बाघ का पता लगा सकते हैं। बता दें कि उटनूर मंडल में प्रवेश करने से पहले जॉनी आदिलाबाद जिले के बोथ, निर्मल जिले के कुंतला, सारंगपुर, ममदा और पेम्बी मंडलों के जंगलों का दौरा कर चुका है। अपनी यात्रा के दौरान उसने पांच मवेशियों को मार डाला। इस दौरान उसने दो गायों को भी मारने की कोशिश की। जॉनी को उटनूर के लालटेकडी गांव के पास एक सड़क को पार करते हुए देखा गया। नारनूर मंडल में घूमने के दौरान स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। वन अधिकारियों ने कहा कि साथी की तलाश करने वाले बाघ मनुष्यों को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। उन्होंने जनता से बाघों का सामना न करने का अनुरोध किया।

## राष्ट्रों की सुरक्षा-समृद्धि महासागरों से जुड़ी

### > पीएम ने की सागरमंथन समारोह की सफलता की अपील



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली में चल रहे सागरमंथन समारोह की सफलता की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रों की सुरक्षा और समृद्धि महासागरों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार ने समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। नाइजीरिया से भेजे अपने संदेश में पीएम ने मानवता के समृद्ध भविष्य को लेकर हो रही साझेदारी पर आम सहमति बनाने और सागरमंथन महासागर संवाद की सफलता का आह्वान किया। दक्षिण एशिया के सबसे बड़े समुद्री विचार नेतृत्व मंच सागर मंथन की शुरुआत सोमवार को हुई थी। इसे लेकर पीएम मोदी ने कहा कि बीते एक दशक में समृद्धि के बंदरगार, उत्पादकता के बंदरगाह और प्रगति के बंदरगाह के लक्ष्य के तहत अपने बंदरगाहों की क्षमता को बढ़ाया है। बंदरगाह की क्षमता को बढ़ाकर, टर्नराउंड समय कम करके, एक्सप्रेसवे, रेलवे और नदी नेटवर्क को मजूबत करके हमने भारत की तटरेखा को बदला है।

भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और इसको मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि भारत की समुद्री परंपरा सहस्राब्दियों पुरानी और सबसे समृद्ध है। लोथल और धौलावीरा के बंदरगाह शहर, चोल वंश के बेड़े और छत्रपति शिवाजी महाराज के कारनामे महान हैं।

उन्होंने कहा कि महासागर राष्ट्रों और समाजों के लिए साझा विरासत हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार की जीवन रेखा भी हैं। उन्होंने कहा कि एक मुक्त, खुले और सुरक्षित समुद्री नेटवर्क के लिए हमारा हिंद महासागर हो या हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया भर में प्रतिध्वनित्व पा रहा है। पीएम ने कहा कि महासागरों पर यह संवाद नियम आधारित विश्व व्यवस्था को मजबूत करता है और राष्ट्रों के बीच शांति, विश्वास और मित्रता को बढ़ाता है।

### यह संवाद आधारित विश्व व्यवस्था को मजबूत करता है

सागरमंथन समारोह के दौरान सोमवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ग्रीस के समुद्री मामलों के मंत्री क्रिस्टोस स्टाइलियानाइड्स के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। दोनों नेताओं ने समुद्री संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की और 2030 तक व्यापार को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की। सोनोवाल ने कहा था कि भारत यूरोपीय संघ के बाजार के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए ग्रीस के साथ काम कर रहा है।

## पत्नियों की दैनिक जरूरतों के लिए चोरी



**मुंबई.** मालाड पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है। इस चोर ने चोरी करने के पीछे का कहानी बताई तो हर कोई हैरान था। दो पत्नियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए यह शख्स चोर बना। उसने कहा कि वह अपनी पत्नियों से बेइंतहा प्यार करता है। उनकी डिमांड पूरी करने के लिए वह चोरी करने लगा। यहां तक की पत्नी के लिए उसने साथियों के साथ गिरोह बनाकर छोटे अपराध भी अंजाम दिए।

41 वर्षीय इस आरोपी का नाम मोहम्मद कासिम शेख उर्फ अतीक है। इसके खिलाफ एक दो नहीं बल्कि चोरी के अब तक 14 से अधिक मामले दर्ज होने की जानकारी मिली हैं। पुलिस ने अतीक के पास से चोरी के 18 फोन जब्त किए हैं। पुलिस की जांच में पाया गया कि अतीक के खिलाफ मालाड, मरीन ड्राइव, कोलाबा, खार, बांद्रा और ठाणे के नौपाड़ा और डोंबिवली समेत कई पुलिस स्टेशनों में पंद्रह से अधिक मामले दर्ज हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि अतीक ने दो शादियां की हैं। वह दोनों पत्नियों से बेहद प्यार करता है लेकिन बेरोजगार होने के कारण दोनों पत्नियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में वह असमर्थ था। इसलिए उसने चोरी करने का फैसला किया और मोबाइल, पर्स आदि चोरी करने लगा।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर मामला दर्ज

**मुंबई.** देवनार में 32 साल के अकाउंटेंट को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक ही परिवार के पांच लोगों पर मामला दर्ज किया गया है. एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी है. एक अधिकारी ने बताया कि संदीप कुमार पासवान ने कथित तौर पर फाइनेंशियल फ्रॉड,छेड़छाड़ के झूठे आरोपों और आरोपियों द्वारा उत्पीड़न के कारण रविवार को अपनी जिंदगी खत्म कर ली. पुलिस ने बताया कि मृतक झारखंड का रहने वाला था और भांडुप में एक फर्म में अकाउंटेंट के रूप में काम करता था. उसकी एक लड़की से मुलाकात हुई जिसके साथ वह रिलेशन में आ गया. रिश्ता आगे बढ़ा को लड़की ने उससे कुल 12.5 लाख रुपये उधार लिए. लेकिन जैसे ही दोनों के बीच रिश्तों में खटास आई तो चीजें बदलने लगीं. लड़की ने केवल 7 लाख रुपये लौटाए और संदीप पर यौन शोषण का केस कर दिया. फिलहाल मृतक के भाई की शिकायत पर महिला और उसके चार रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

## 'मणिपुर को लेकर आपके हस्तक्षेप की संवैधानिक जरूरत

### > खड़गे ने राष्ट्रपति को लिखा का पत्र



**इंफाल.** मणिपुर में हुई हालिया हिंसा के बाद हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। न सिर्फ विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता बल्कि वहां के कई नागरिक संगठनों ने हिंसा पर लगाम लगाने और कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। इस बीच, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में बिगड़ते हालात को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। खरगे ने राष्ट्रपति मुर्मू से मणिपुर में तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है। साथ ही कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के लोग सम्मान के साथ अपने घरों में शांति से रहें।

कांग्रेस प्रमुख द्वारा राष्ट्रपति मुर्मू को लिखे गए दो पन्ने के पत्र में कहा गया है कि मणिपुर सरकार और केंद्र पिछले 18 महीनों में मणिपुर में कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में फेल साबित हुई है।

पत्र में उन्होंने कहा कि राज्य में हिंसा के कारण 300 से अधिक लोगों की जान चली गई है, इनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वहां बिगड़ती कानून-व्यवस्था के कारण करीबन एक लाख लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हुए हैं। वे बेघर हो गए हैं और विभिन्न राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं।

मणिपुर में बीते साल मई से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुई हैं। हिंसा राज्य में लगातार जारी है, लेकिन इस माह की शुरुआत में जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद से बवाल बढ़ गया है। जिरीबाम की घटना के विरोध में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है और प्रदर्शनकारियों ने हाल के दिनों में कई विधायकों के घरों में तोड़फोड़ और आगजनी की है। जिरीबाम में पुलिस की गोली से एक प्रदर्शनकारी की मौत का भी आरोप है। इससे भी तनाव बढ़ गया है।

## आज का राशिफल

मेष - जातकों के लिए कल दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा. आपको अपने घरेलू कामों पर पूरा ध्यान देना होगा.

वृषभ - जातको के लिए दिन आनंदमय रहने वाला है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप अपने बेफिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं.

मिथुन- जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा.

कर्क -दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे और किसी से यदि कोई कर्जा लिया था, तो उसे भी उतारने में सफल रहेंगे.

सिंह - शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा. यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले,

कन्या - जातकों के लिए दिन रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा. आपकी कला कौशल में सुधार आएगा.

तुला -आज दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

वृश्चिक - आज कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. बच्चों के साथ आप समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

धनु -जातकों की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें. यदि आपने धन संचय करने का सोचा था

मकर -जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको पारिवारिक मुद्दों में ढील देने से बचना होगा.

कुंभ -आज दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से चल रहा था,

मीन -आज दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा.

## मुंबई में चार दिन नहीं बिकेगी शराब

### > चुनाव के चलते बिक्री पर रहेगी पूरी तरह से पाबंदी

**मुंबई.**



राज्य विधानसभा चुनावों के चलते मुंबई में इस हफ्ते चार दिन शराब बिक्री बंद रहेगी। ऐसे में मुंबईकर चार दिन जाम नहीं छलका पाएंगे। राज्य विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार की शाम छह बजे 288 सीटों पर प्रचार सामाप्त हो गया। चुनाव आयोग के अनुसार वोटिंग सामाप्त होने तक शांति काल लागू रहेगा। 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा, जिसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। राज्य में चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद आयोग के आदेश के अनुसार मुंबई में चार दिन 'ड्राई डे' रहेंगे।

चुनाव आयोग के अनुसार मुंबई में इस वीक चार पूरे शहर में शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। आयोग के अनुसार ऐसा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए के लिए किया गया है। ड्राई डे का उद्देश्य व्यवधानों को कम करना और यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता शराब के प्रलोभन में नहीं आएं।आयोग के अनुसार ठाणे और पुणे सहित मुंबई और अन्य शहरों में 18 नवंबर की शाम 6 बजे के बाद शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। 19 नवंबर को भी चुनाव से पहले ड्राई डे रहेगा और शराब नहीं मिलेगी। आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि 20 नवंबर को चुनाव के पूरे दिन शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। वोटिंग खत्म होने के समय शाम 6 बजे बिक्री नहीं होगी। इसी प्रकार से 23 नवंबर को चुनाव आयोग द्वारा नतीजों की घोषणा किए जाने तक शाम 6 बजे तक आंशिक शराबबंदी जारी रहेगी।

महाराष्ट्र में सभी 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान एक ही चरण में होगा, जबकि मतगणना और नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को होगी। राज्य में महायुति और महा विकास अघाड़ी गठबंधन के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

### मतदाता शराब के प्रलोभन में नहीं आएं

चुनाव आयोग के अनुसार, इस महत्वपूर्ण चुनाव में 9,70,25,119 पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी व्यवसायों और कार्यालयों के लिए 20 को यानि आज सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस पहल का उद्देश्य अधिकतम मतदान सुनिश्चित करना है, ताकि निवासियों को काम से संबंधित बाधाओं के बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति मिल सके।

## पीएम ने इंदिरा और रानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई को भी उनकी जयंती पर याद करते हुए उन्हें भी श्रद्धांजलि दी। पीएम ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, "हमारी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।" एक अन्य पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, "साहस और देशभक्ति की सच्ची प्रतिमूर्ति, झांसी की निडर रानी लक्ष्मीबाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। स्वतंत्रता की लड़ाई में उनकी बहादुरी और प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जन्म 19 नवंबर 1917 को हुआ था।

इंदिरा 1966 से 1977 तक तथा उसके बाद 1980 से 31 अक्टूबर 1984 तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी। वह भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की इकलौती संतान थीं। इंदिरा गांधी भारत की राजनीति में एक ऐसा नाम है, जिनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदा चर्चा में रहा। देश की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने ऐसे कई फैसले लिए, जिनकी वजह से मोरारजी देसाई द्वारा "गूंगी गुड़िया" कही गई इंदिरा 'आयरन लेडी' के तौर पर उभरीं।

# बारिश से धुला आखिरी मुकाबला

**नई दिल्ली.**



सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में भारी बारिश के कारण इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का आखिरी और 5वां टी20 मैच सिर्फ पांच ओवर के बाद ही रद्द हो गया। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाजों ने ने शानदार शुरुआत की थी, उन्होंने बिना किसी नुकसान के 44 रन स्कोर बोर्ड पर टांगे थे। एविन लुईस 29* और शाई होप 14* रन बनाकर खेल रहे थे कि अचानक बारिश के कारण मैच रोक दिया गया और फिर लगातार बारिश के चलते मैच को रद्द कर दिया गया। इस तरह मेहमान इंग्लैंड ने सीरीज 3-1 से जीत ली। इंग्लैंड की वेस्टइंडीज की सरजमीं पर ये 5 साल बाद टी20 सीरीज जीत है।

विंडीज के सलामी बल्लेबाज एविन लुईस ने एक बार फिर अपनी धमाकेदार फॉर्म की झलक दिखाई। उन्होंने अपनी छोटी सी पारी में दो छक्के और तीन चौके लगाए, लेकिन जॉन टर्नर की एक गेंद उनके हेलमेट पर जा लगी। इसके बाद उनकी जांच की ही जा रही थी कि अचानक बारिश शुरू हो गई। पिच समेत मैदान पर कवर आ गए। इस कारण सभी खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा। व्यवधान के बावजूद लुईस अपनी टीम के साथ बाहर जाते समय अच्छे मूड में दिखाई दिए। इसके बाद बारिश के चलते मैच रद्द कर दिया गया।

### बेहतरीन प्रदर्शन के कारण हुई सीरीज

इंग्लैंड की सीरीज जीत बेहतरीन प्रदर्शन के कारण हुई। प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए साकिब महमूद ने 10.55 की औसत से 9 विकेट लिए, जिसमें पावरप्ले में आठ विकेट शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43 रन देकर 4 विकेट रहा। महमूद ने कहा कि इन परिस्थितियों के लिए अपने अवे-स्विंगर पर काम करना कारगर रहा और मुझे खुशी है कि यह मैच के प्रदर्शन में बदल गया।

## भारतीय क्रिकेट का अगला 'किंग', सौरव गांगुली ने बताया

**एजेंसी :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है. गांगुली ने उस भारतीय क्रिकेटर का नाम बताया है जो आने वाले समय में विराट कोहली के बाद रेड-बॉल क्रिकेट का का बेस्ट बल्लेबाज होगा. गांगुली ने यशस्वी जायसवाल का नाम नहीं लिया है. पूर्व भारतीय कप्तान ने ऋषभ पंत को भारतीय क्रिकेट का अगला 'किंग' करार दिया है, जो विराट कोहली (Virat Kohli) के बाद 'रेड-बॉल' क्रिकेट का बेस्ट बल्लेबाज होगा. Rev Sportz के साथ बात करते हुए गांगुली ने ये बातें की है. गांगुली का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित




**एजेंसी :** बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पर भारतीय महिला टीम और और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच खेली जाने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान एक बार फिर हरमनप्रीत के हाथों में सौंपी गई है। चौंकाने वाली बात ये है कि टीम से शेफाली वर्मा का पत्ता काट दिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उन्हें बाहर करने की वजह नहीं बताई है लेकिन माना जा रहा है कि फॉर्म के कारण उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया है। लंबे समय बाद हरलीन देओल राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं।

आईसीसी वुमेंस चैंपियनशिप के तहत होगी सीरीज दरअसल, भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीमों के बीच वनडे सीरीज का आगाज 5 दिसंबर से ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड पर होगा। सीरीज का दूसरा मुकाबला भी इसी मैदान पर 8 दिसंबर को खेला जाएगा तो तीसरा और आखिरी मैच 11 दिसंबर को पर्थ के वाका ग्राउंड पर खेला जाएगा। ये सीरीज आईसीसी वुमेंस चैंपियनशिप के तहत आयोजित होगी।

पिछले तीन मैचों में बनाए सिर्फ 56 रन बता दें शेफाली वर्मा अब तक कुल 29 वनडे मैचों की 29 पारियों में 644 रन बना चुकी हैं। वह इस दौरान चार अर्धशतक जड़ चुकी हैं.

# तेलुगू टाइटंस का असाधारण प्रदर्शन


## -हरियाणा स्टीलर्स को 22 अंक से हराया

**नोएडा.** तेलुगू टाइटंस ने पवन सहरावत के बगैर ही एक असाधारण प्रदर्शन करते हुए नोएडा इंडोर स्टेडियम में सोमवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 61वें मैच में टेबल टापर हरियाणा स्टीलर्स को 49-27 के अंतर से हरा दिया। यह 11 मैचों में हरियाणा की तीसरी हार है। टाइटंस क 10 मैचों में छठी जीत दिलाने में टाइटंस के डिफेंस का योगदान है। डिफेंस ने कुल 16 अंक लिए और इसका नेतृत्व सागर रावल और शंकर दगई (5-5 अंक) ने किया। रेड में आशीष ने 11 अंक लिए जबकि विजय ने 8 अंक लिए। हरियाणा के लिए राहुल सेतपाल (6) ने हाई-5 लगाया जबकि शादलू ने पांच अंक लिए।




टाइटंस ने सात मिनट में ही हरियाणा को आलआउट कर दिया था। शुरुआती तीन मिनट में स्कोर 3-3 था। इसके बाद टाइटंस ने रफ्तार पकड़ी और हरियाणा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया।

# इंग्लैंड ने आयरलैंड को 5-0 से हराया



**वेम्बली.**

हैरी केन की अगुवाई में इंग्लैंड की फुटबॉल टीम ने आयरलैंड के खिलाफ यूएफा नेशंस लीग मुकाबले में 5-0 से धमाकेदार जीत दर्ज की। रोचक बात यह है कि पहले हाफ तक मैच में एक भी गोल नहीं हुआ था, लेकिन दूसरे हाफ में इंग्लिश टीम ने दनादन अंदाज में पांच गोल कर एकतरफा जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड लीग बी के ग्रुप-2 में शीर्ष पर पहुंच गया है। इंग्लैंड की ओर से इस मैच में हैरी केन ने 53वें, एंथनी गॉर्डन ने 55वें, कोनोर गैलाघर ने 58वें, जारोड बावेन ने 76वें और टेलर हारवुड-बेलिस ने 79वें मिनट में गोल किए।

एक अन्य मैच में फ्रांस ने इटली को 3-1 से हरा दिया। फ्रांस की जीत में एड्रियन रेबियट ने दो गोल किए। रेबियट ने ये दोनों गोल हैडर के जरिए किए। रेबियट ने मैच के दूसरे ही मिनट में फ्रांस को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। जिसे इटली के गुग्लिल्मो विकारियो ने 33वें मिनट में आत्मघाती गोल कर दुगुना कर दिया। इटली ने भी एंड्रिया कैम्बियारो के 35वें मिनट में किए गए गोल से खाता खोला। लेकिन रेबियट ने 65वें मिनट में एक और गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

# साउथ अफ्रीका दौरे के लिए धाकड़ टेस्ट टीम की घोषणा

**पर्थ.**

भारतीय टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 22 नवंबर से पर्थ में टेस्ट सीरीज का आगाज करेगी। इस पहले टेस्ट मैच के खत्म होने के बाद श्रीलंका की टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत करेगी। इस सीरीज के लिए श्रीलंका ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच 27 नवंबर से डरबन में खेला जाएगा। इसके बाद 5 दिसंबर से सेंट जॉर्ज पार्क में दूसरे टेस्ट मैच का आगाज होगा।



बाएं हाथ के स्पिनर लसिथ एम्बुलडेनिया को साउथ अफ्रीका में दो टेस्ट मैचों के लिए श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने आखिरी बार दो साल पहले टेस्ट मैच खेला था। सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले ऑफ स्पिनर निशान पीरिस को भी शामिल किया गया है। ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर रमेश मेंडिस को टीम में जगह नहीं मिली है। इस साल अपने एकमात्र टेस्ट मैच में 6 विकेट लेने के बावजूद मेंडिस को नजरअंदाज किया गया।

इस टेस्ट सीरीज के लिए मेजबान साउथ अफ्रीका ने भी अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। टेम्बा बावुमा की बतौर कप्तान टीम में वापसी हो गई है। वह बाएं कोहनी की चोट से उबर चुके हैं, जिसकी वजह से वह बांग्लादेश के हालिया टेस्ट दौरे के दौरान बाहर हो गए थे। ऑलराउंडर मार्को यानसन और तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी पिछली गर्मियों में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद पहली बार टेस्ट टीम में लौटे हैं।

# ऋचा घोष की हुई वापसी, शेफाली वर्मा बाहर

**नई दिल्ली.**

अगले महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए चयनित भारतीय महिला टीम से शेफ़ाली वर्मा को बाहर कर दिया गया है। वहीं बोर्ड परीक्षा के चलते न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घरेलू वनडे श्रृंखला मिस करने के बाद विकेटकीपर ऋचा घोष की टीम में वापसी हुई है। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ चोट के चलते भारतीय टीम से बाहर रहने वालीं आशा शोभना अभी भी बाहर हैं। पिछली श्रृंखला के लिए पूजा वस्त्रकर को आराम दिया गया था और वह भी इस दल का हिस्सा नहीं हैं। श्रेयंका पाटिल, दयालन हेमलता, सयाली सतघरे और उमा छेत्री इस दल का हिस्सा नहीं हैं। न्यूज़ीलैंड श्रृंखला में डेब्यू करने वालीं साइमा ठाकोर और तेजल हसबनिस की भारतीय टीम में जगह बरक़रार है।बैटर प्रिया पुनिया और हरलीन देओल को बुलावा आया है जबकि ऑफ़ स्पिनर मिन्नू मानी और तितास साधु को भी 16 सदस्यीय दल में चुना गया है।



# बेंगलुरू बुल्स पर रोमांचक जीत

**नोएडा.**

यू मुंबा और बेंगलुरू बुल्स के बीच हुए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 62वें मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच आगे निकलने की होड़ लगी रही औऱ अंतिम 10 सेकेंड में मुंबा ने एक सुपर टैकल के दम पर रोमांचक मुकाबला 38-37 के अंतर से जीत लिया।


नोएडा इंडोर स्टेडियम में सोमवार को खेले गये मुकाबले में मुंबा की जीत मे अजीत चव्हाण (10), मंजीत (9), जफरदानेश और सुनील (4-4 अंक) तथा परवेश भेंसवाल (3) का अहम योगदान रहा। परवेश ने ही अंतिम मिनट में सुपर टैकल को अंजाम देकर मुंबा को दो अंक की लीड दिलाई थी। बुल्स के लिए परदीप ने 10 अंक लिए जबकि सुशील ने 6 तथा नितिन रावल ने हाई-4 लिया। 11 मैचों में सातवीं जीत ने मुंबा को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। अच्छा खेलने के बावजूद बुल्स को 11 मैचों में नौवीं और लगातार चौथी हार मिली।



# मेगा ऑक्शन में इन खिलाड़ियों की रहेगी खास डिमांड

## विदेशी प्लेयर्स के केवल इतने ही स्लॉट

**नई दिल्ली.**



आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपने रिलीज किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट से सबको चौंका दिया था. जिसमें कई बड़े चेहरे शामिल थे. राजस्थान रॉयल्स ने 79 करोड़ रुपये में 6 खिलाड़ियों को रिटेन किया है. ऐसे में राजस्थान द्वारा रिलीज किए गए बड़े नाम वाले खिलाड़ियों की आईपीएल मेगा ऑक्शन 2025 में काफी डिमांड बताई जा रही है.उन तीन दिग्गजों के बारे में, जो इस नीलामी में टीमों के बीच बड़ी बोलियों के केंद्र में हो सकते हैं.

**युजवेंद्र चहल**

युजवेंद्र चहल को आईपीएल में एक बड़े स्पिनर के तौर पर देखा जाता है. युजवेंद्र चहल आईपीएल के इकलौते गेंदबाज हैं जिनके नाम 200 विकेट हैं. चहल ने 2022 से 2024 तक राजस्थान रॉयल्स के लिए 46 आईपीएल मैच खेले हैं. जिसमें उन्होंने 8.42 की इकॉनमी से 66 विकेट लिए हैं. राजस्थान रॉयल्स ने चहल को रिलीज कर दिया है.


**जोस बटलर**

इंग्लैंड के व्हाइट बॉल कप्तान और स्टार बल्लेबाज जोस बटलर को राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया है. बटलर आईपीएल 2022 में 863 रन बनाकर ऑरेंज कैप जीतने वाले बल्लेबाज बने थे. उन्होंने 2008 से 2024 तक राजस्थान रॉयल्स के लिए 83 मैचों में 147.80 की स्ट्राइक रेट से 3055 रन बनाए हैं.

**रविचंद्रन अश्विन**

रविचंद्रन अश्विन ने 2009 में आईपीएल में डेब्यू किया था. अश्विन ने 212 आईपीएल मैच खेले हैं और हर टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है. रविचंद्रन अश्विन ने 2022 से 2024 तक राजस्थान रॉयल्स के लिए 45 मैचों में 7.82 की इकॉनमी से 35 विकेट लिए हैं.

## जेनिक सिनर ने जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब



**नई दिल्ली.**

शीर्ष वरीयता प्राप्त जेनिक सिनर सीजन के अंतिम टूर्नामेंट एटीपी फाइनल्स का एकल खिताब जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने। सिनर ने फाइनल में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को बेहद आसानी से सीधे सेटों में हराया। खिताब जीतने के बाद सिनर ने अपने पर लगे डोपिंग के आरोपों को लेकर खुलकर बात की। सिनर ने कहा कि मैं अब भी इससे जूझ रहा हूं। डोपिंग के आरोप लगने के बाद मैं कई रात सो नहीं पाया था लेकिन ऐसे संघर्ष के दौर में एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीतना और नंबर-1 रैंकिंग के साथ साल का समापन करना मेरे लिए बेहद खास है।7

# पाकिस्तान के खिलाफ जिम्बाब्वे टीम का ऐलान



**नई दिल्ली.**

पाकिस्तान टीम हाल में ही ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर वनडे सीरीज 2-1 से जीतकर इतिहास रचा तो टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में 0-3 से क्लीन स्वीप झेलना पड़ा। अब पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर जाने वाली है। जहां 3 मैचों की वनडे और तीन मैचों की ही टी20 सीरीज खेली जाएगी। इसके लिए जिम्बाब्वे ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। जिम्बाब्वे की टीम में इस सीरीज के लिए 3 अनकैप्ड खिलाड़ियों ट्रेवर ग्वांडू, टिनोटेंडा मापोसा और ताशिंगा मुसेकिवा शामिल किया गया है। बता दें कि जिम्बाब्वे और पाकिस्तान के बीच पहले वनडे सीरीज का आगाज 24 नवंबर से होगा।

जिम्बाब्वे के युवा खिलाड़ी मुसेकीवा और ग्वांडू टी20I फॉर्मेट में खेले चुके हैं लेकिन उन्हें अन्य दो फॉर्मेट में मौका नहीं मिला है। जबकि मापोसा ने अब तक कोई अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। जिम्बाब्वे की वनडे टीम की अगुवाई क्रेग एर्विन करेंगे तो वहीं, टी20 टीम कमान सिकंदर रजा के हाथों में होगी। इस बार टी20 टीम में सीनियर खिलाड़ी क्रेग एर्विन और सीन विलियम्स को शामिल नहीं किया गया है।पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 24 नवंबर को, दूसरा 26 और तीसरा 28 नवंबर को खेला जाएगा। वहीं, टी20 सीरीज का आगाज 1 दिसंबर से होगा।

CMYK



# नयनतारा 50 सेकंड के लेती हैं 5 करोड़

नयनतारा साउथ इंडस्ट्री की हाईएस्ट पेड़ एक्ट्रेसेस में से एक हैं. नयनतारा ने अपने टैलेंट से इंडस्ट्री में अपनी एक अलग जगह बनाई है. यही वजह है कि वो एक फिल्म के लिए मोटी फीस वसूलती हैं. कमाई के मामले में वह बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं.



नयनतारा साउथ इंडस्ट्री के अलावा हिंदी, तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों में भी काम कर चुकी है. उन्हें कई अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया है, उन्हें साउथ की सुपरस्टार लेडी भी कहा जाता है. वहीं बेहतरीन एक्टिंग के अलावा अदाकारा अपनी आलीशान लाइफ़ के लिए भी जानी जाती हैं. नयनतारा के पास कई आलीशान घर हैं. हैदराबाद, केरल, चेन्नई और मुंबई जैसे कई शहरों में एक्ट्रेस की शानदार प्रॉपर्टी है, जिसकी कीमत करोड़ों में हैं. उनकी केरल वाली प्रॉपर्टी पुश्तैनी है और हैदराबाद में बंजारा हिल्स में एक्ट्रेस का जो घर है वो किसी महल से कम खूबसूरत और आलीशान नहीं है. वहीं नयनतारा पति विग्नेश शिवन के साथ चेन्नई के जिस 4 बीएचके फ्लैट में रहती हैं, उसकी कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है और इसके अंदर जिम, सिनेमा हॉल के अलावा स्विमिंग पूल जैसी तमाम सुविधाएं मौजूद है. एक्ट्रेस बेहद लग्जरी लाइफ स्टाइल मेंटेन करती हैं. उनके पास प्राइवेट जेट भी है. नयनतारा ने जून 2022 में 50 करोड़ का प्राइवेट जेट खरीदा था. इस जेट में उन्हें अपने पति विग्नेश के साथ वेकेशन एन्जॉय करते देखा गया है. उनकी कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं.इसके अलावा उनके पास कई लग्जरी कारें भी हैं



## शादी रचाने जा रही हैं कीर्ति सुरेश

साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश को अपने सपनों का राजकुमार मिल गया है. एक्ट्रेस जितनी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के लिए जानी जाती है. उतनी ही वो अपनी पर्सनल लाइफ के लिए जानी जाती है. इससे पहले खबरें आईं थीं कि एक्ट्रेस अपने ब्वॉयफ्रेंड अनिरुद्ध रविचंदर के साथ शादी करने वाली हैं, लेकिन हाल ही में एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि वो अरेंज मैरिज करने जा रही है.

एक्ट्रेस 11 और 12 दिसंबर को गोवा में एक इंटीमेट वेडिंग करने जा रही हैं. कीर्ती अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड एंटनी थैटिल से गोवा में ब्याह रचाएंगी. कीर्ती और एंटनी 15 साल से रिलेशनशिप में हैं. दोनों कॉलेज के दिनों से साथ में हैं. कपल ने अपने रिलेशनशिप को लेकर एक लो-प्रोफाइल मेंटेन कर रखी है. इसी के मुताबिक शादी समारोह में भी बहुत कम गेस्ट आएंगे. कपल बहुत जल्द अपने रिश्ते की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर सकता है. खबरों के मुताबिक इससे पहले एक्ट्रेस म्यूजिक कमपोजर अनिरुद्ध रविचंदर को डेट कर रही थी और दोनों शादी करने वाले थें. हालांकि बाद में एक्ट्रेस और उनके पिता दोनों ने इसे अफवाह बता दिया था. एक्ट्रेस ने कहा वो अपना पूरा ध्यान अपने करियर पर लगा रही हैं.कीर्ति सुरेश ने कल्कि 2898 एडी में रोबोट बुज्जी को अपनी आवाज दी थी. इसके अलावा वो वरुण धवन की बेबी जॉन में भी नजर आएंगी.



## मिस्ट्री मैन संग दिखीं मलाइका

बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा बीते कुछ समय से मुश्किल भरे दौर से गुजर रही हैं. कुछ समय पहले ही उनके पिता का निधन हुआ था. वहीं अब एक्ट्रेस का उनके बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर से भी ब्रेकअप हो गया है. दोनों का रिलेशनशिप अक्सर चर्चाओं में रहता था. दोनों अक्सर साथ में नजर आते थे. लेकिन अब इस कपल ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं. हाल ही में अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के इवेंट में खुद को सिंगल बताकर मलाइका संग ब्रेकअप की खबरों को कंफर्म कर दिया.इसी बीच अब हाल ही में मलाइका को एक मिस्ट्री मैन के साथ स्पॉट किया गया, जिसका वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में मलाइका मिस्ट्री मैन का हाथ पकड़कर चलती हुई दिखाई दे रही हैं. वीडियो में दोनों डिनर करके रेस्टोरेंट से बाहर आते दिख रहे हैं. पहले तो मलाइका कैमरे की नजर से मिस्ट्री मैन को छिपाती हुई नजर आती हैं. जिसमें वह नाकाम हुईं फिर वह उनका हाथ पकड़कर चलने लगती हैं.अब इस वीडियो को देख लोगों के मन में तरह-तरह के सवाल उठने लगे कि आखिर कौन हैं ये शख्स. हालांकि जब हमें भी सोशल मीडिया पर मलाइका संग नजर आ रहे शख्स के बारे में तमाम जानकारी जुटानी की कोशिश की , लेकिन अभी इनके बारे में किसी भी तरह की कोई जानकारी सामने नहीं आई हैं? इसलिए एक्ट्रेस के फैंस के लिए ये अभी भी सस्पेंस ही है कि आखिर ये मिस्ट्री मैन कौन हैं, जिनके साथ मलाइका स्पॉट हुई हैं वो भी उनका हाथ थामे.

# काइली जेनर ने शाहरुख-टॉम क्रूज को भी छोड़ा पीछे

इंटरनेशनल मॉडल काइली जेनर ने फिल्म इंडस्ट्री में अच्छा नाम कमाया है और वे अपनी बहनों से भी आगे निकल गई हैं. वे इंटरनेशनल स्टार किम कार्दशियन से भी ज्यादा कमाई करने वाली सेलिब्रिटी बन गई हैं. एक साल में वे इतना पैसा कमाती है जिसका अंदाजा लगा पाना भी बहुत मुश्किल है.उन्होंने साल में 4000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा कमाए थे. ये आंकड़े साल 2020 के हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो साल 2020 में काइली जेनर ने कुल 49,80 ,51,74,500 रुपये



कमा लिए थे. ये आंकड़ा अपने आप में बहुत ज्यादा है और किसी भी सेलेब्स के लिए ऐसा करना कोई आसान काम नहीं है. उनकी तुलना अगर इंडस्ट्री की टॉप पर्सनालिटीज से की जाए तो इस फहरिश्त में कई नाम शामिल हैं. लेकिन ये बड़े और अनुभवी नाम भी 27 साल की काइली जेनर को पैसों के मामले में पिछाड़ नहीं पाए. काइली जेनर की बात करें तो उनकी तुलना में शाहरुख और टॉम क्रूज जैसे विश्व प्रसिद्ध कलाकार से की जाती है. वे अपने काम को लेकर काफी कमिटेड भी रहते हैं. उनकी ब्रैंड वेल्यू भी हल्की नहीं है. लेकिन इसके बाद भी ये दोनों ही कलाकार कमाई के मामले में काइली से पीछे हैं. वहीं मशहूर इंटरनेशनल स्टार टेलर स्विफ्ट भी काइली से आगे नहीं निकल सकी हैं.रिपोर्ट्स की मानें तो बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान साल में 238 करोड़ रुपये की कमाई करते हैं. इसके अलावा टॉम क्रूज की बात करें तो वे सालभर में 422 करोड़ रुपये कमाते हैं. वहीं इंटरनेशनल आइकन टेलर स्विफ्ट की बात करें तो वे साल भर में औसतन 1000 करोड़ के आस-पास कमाती हैं.

# घायल हुए रणवीर बरार



लोकप्रिय सेलिब्रिटी शेफ और एक्टर रणवीर बरार को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। उनकी खाना पकाने की कला किसी भी बोरिंग डिश को स्वादिष्ट बना देती है और अब वह एक्टिंग की दुनिया में भी कदम रख चुके हैं.

अभिनय की बात करें तो उन्हें 'द बकिंघम मर्डर्स' में अभिनेता के रूप में पहचान मिली.मास्टरशेफ और एक्टर रणवीर बरार इन दिनों अपनी निजी जिंदगी में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं. एक्टर और शेफ रणवीर की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है.

'द बकिंघम मर्डर्स' एक्टर को रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी है। उनकी रीढ़ की हड्डी की सी6 और सी7 वेर्टेब्रे टूट गई हैं। इस चोट के कारण डॉक्टर ने उन्हें 3 हफ्ते तक आराम करने की सलाह दी है। शेफ और एक्टर रणवीर की हेल्थ अपडेट सामने आने के बाद उनके फैंस थोड़े चिंतित हो गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि अब उनकी सेहत में सुधार हो रहा है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहे हैं। अभिनेता की टीम ने प्रेस को पुष्टि की कि अभिनेता अपने मुंबई स्थित आवास पर हैं और स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।


शेफ रणवीर बरार मास्टरशेफ इंडिया के सीजन 4, 6 और 7 में जज रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने फेम फूडीज और थैंक गॉड इट्स फ्राइडे में काम किया है। उनकी कुकिंग के लिए उनकी काफी तारीफ भी की जाती है और उनका नाम भारत के सफल शेफ की लिस्ट में भी शामिल है।

## एयरपोर्ट पर इन हसीनाओं ने दिखाया स्वैग

मुंबई एयरपोर्ट पर हर दिन बॉलीवुड सेलेब्स स्पॉट होते रहते हैं. लेकिन आज बी टाउन की कई हसीनाओं ने एयरपोर्ट पर धांसू एंट्री ली. इन अभिनेत्रियों के स्वैग पर हर किसी की निगाहें टिक गई. इनकी तस्वीरें अब फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रही हैं. मलाइका अरोड़ा आज सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर काफी स्टाइलिश अंदाज में स्पॉट हुईं. मलाइका इस दौरान शॉर्ट पिंक शर्ट के साथ शॉर्ट ग्रे ब्लेजर और ब्लू बैगी डेनिम और शूज पहने हुए काफी अट्रैक्टिव लग रही थीं. मलाइका ने अपने बालों को जूड़े में बांधा हुआ था और ब्लैक कलर का ओवरसाइज सनग्लासेस भी लगाया था. एक्ट्रेस ने ग्लॉसी मेकअप के साथ अपना लुक कंप्लीट किया था. 51 साल की उम्र में भी मलाइका बेहद हसीन और दिलकश लग रही थीं. एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर बवाल काट रही हैं. वहीं मानुषी छिल्लर भी आज एयरपोर्ट पर ऑल ब्लैक लुक में स्पॉट हुईं.मानुषी ने ब्लैक ब्लेजर के साथ स्टाइलिश डेनिम पेयर की थी. एक्ट्रेस ने अपने इस आउटफिट के साथ रेड कलर की हील्स पहनी हुई थी और वे बेहद ग्लैमरस लग रही थीं. मानुषी ने अपने बालों को ओपन छोड़ा था और ब्लैक सनग्लासेस भी लगाए हुए थे. एक्ट्रेस ने ब्लैक हैंडबैग के साथ अपना लुक कंप्लीट किया था. मानुषी ने इस दौरान पैप्स के लिए जमकर तस्वीरें क्लिक कराईं.

# कियारा का गोल्डन ब्रश वायरल

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की लेटेस्ट पोस्ट ने इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है. एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें वह अपने सिंधी लाइफस्टाइल के बारे में बता रही हैं. पहली बार कियारा ने अपने बाथरूम का नजारा दिखाया है. एक्ट्रेस ने बाथरूम से ऐसी फोटो शेयर की जो वायरल हो गई है. फैंस गेम चेंजर एक्ट्रेस से मजेदार सवाल पूछ रहे हैं. इस तस्वीर में कियारा ने फैंस से एक सवाल पूछा है और अपने टूथब्रश की तस्वीर पोस्ट की जो देखने में सोने का लग रहा है.ऐसा लग रहा है कि कियारा रोजाना सोने के टूथब्रश से अपने दांत साफ करती





हैं. कियारा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर की और लिखा,"मुझे बताएं कि आप सिंधी हैं, बिना मुझे बताए कि आप सिंधी हैं."फोटो में वह सोने के हत्थे वाला टूथब्रश दिखा रही हैं. सिंधी परिवार में हर चीज गोल्डन कलर की पसंद की जाती है. यह असली सोने का बना है या नहीं ये तो कियारा को ही पता होगा. हालांकि फैंस इस गोल्डन ब्रश को देखकर हैरान रह गए हैं. फैंस ने मजेदार कमेंट्स करते हुए कियारा से सवाल पूछे हैं. अधिकतर सिंधी लोग इससे रिलेटेबल महसूस कर रहे हैं.वर्क फ्रंट की बात करें तो कियारा साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ फिल्म 'गेम चेंजर' में नज़र आएंगी. हाल ही में लखनऊ में फिल्म का टीजर जारी किया था. कियारा के ग्लैमस लुक ने सबका ध्यान खींचा था.एस. शंकर द्वारा निर्देशित यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट हैं. कियारा दूसरी बार रामचरण के साथ काम कर रही हैं.

# जगन्नाथ मंदिर पहुंचे 'तारा सिंह' के बेटे

सुपरहिट फिल्म 'गदर' के एक्टर और फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा के बेटे उत्कर्ष शर्मा जल्द ही 'वनवास' में दिखेंगे. फिल्म के सफल होने की कामना करते हुए वो पुरी पहुंचे. यहां उन्होंने भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया. अभिनेता उत्कर्ष शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कई पोस्ट शेयर किए, जिसमें वह हाथ जोड़े नजर आ रहे हैं. स्टोरी सेक्शन में उन्होंने ओडिशा की ओर उड़ान भरने की खुशी जाहिर की है तो दूसरे में सूर्य की किरणों से नहाए बीच को दिखाया है.

तीसरी क्लिप में 'तारा सिंह' के बेटे ट्रेडिशनल वियर में दिख रहे हैं. इसके बाद वह मंदिर के पास हाथ जोड़े कैमरे की ओर देखते नजर आ रहे हैं. अभिनेता के साथ उनकी मां और बहन भी दिखीं.

उत्कर्ष शर्मा ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर 'गदर: एक प्रेम कथा' से बाल कलाकार के रूप में



की थी. फिल्म में उन्होंने सनी देओल और अमीषा पटेल के बेटे का किरदार निभाया था. इसके बाद वह 'जीनियस' में नजर आए. जीनियस का निर्देशन भी उनके पिता अनिल शर्मा ने ही किया था. फिल्म में उत्कर्ष के साथ लीड रोल में इशिता चौहान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, मिथुन चक्रवर्ती और आयशा जुल्का थे.इस बीच उत्कर्ष शर्मा के वर्कफ्रंट की बात करें तो जल्द ही युवा कलाकार अभिनेता नाना पाटेकर के साथ पर्दे पर धमाल मचाते नजर आएंगे. अपकमिंग फिल्म 'वनवास' का टीजर हाल ही में जारी हो चुका है.फिल्म की शूटिंग देश के कई हिस्सों के साथ धर्मनगरी वाराणसी में भी हुई है. सोशल मीडिया पर टीजर शेयर कर मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, "कुछ कहानियां हमें अपनों के करीब ले जाती हैं. इस त्योहारी सीजन में भावनाओं के सागर में तैरने के लिए तैयार हो जाइए." 'वनवास' के निर्माण के साथ ही उसका निर्देशन और लेखन भी अनिल शर्मा ने किया है.

# सलमान खान ने सेलिब्रेट की पेरेंट्स की सालगिरह

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के यहां बीते दिन डबल जश्न मनाया गया था. दरअसल जहां सुपरस्टार के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान ने बीते दिन अपनी 60वीं शादी की सालगिरह मनाई तो भाईजान की बहन अर्पिता खान शर्मा ने भी पति आयुष शर्मा के साथ अपनी शादी के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया. ऐसे में सलमान खान ने पेरेंट्स और बहन-जीजा की वेडिंग एनिवर्सरी के खास अंदाज में सेलिब्रेट किया. जश्न की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. तस्वीरों में सलमान खान, अरबाज खान, शूरा खान, अलवीरा खान अग्निहोत्री और तमाम गेस्ट नजर आ रहे हैं.

बता दें कि निर्माता अश्विनी यार्डी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कल रात के जश्न की एक प्यारी वीडियो क्लिप शेयर की है. वीडियो में सलमान खान अपने पिता सलीम खान के बगल में खड़े काफी खुश और हंसते हुए नजर आ रहे हैं. एक्टर अपनी पिता सलीम खान से बात करते हुए भी दिख रहे हैं. वहीं टेबल पर दो बड़े मल्टी स्टोरी केक भी नजर आ रहे हैं जिनमें से एक केक आयुष और अर्पिता के लिए, और दूसरा सलीम और सलमा खान के लिए था.

इस दौरान आयुष और अर्पिता सलमान खान के बगल में खड़े होकर एक दूसरे को केक खिलाते भी नजर आ रहे हैं. वीडियो शेयर करते हुए अश्विनी यार्डी ने लिखा, ''सलीम अंकल और सलमा आंटी को 60 साल पूरे होने पर बधाई और जश्न.. आयुष और अर्पिता, यकीन नहीं हो रहा कि 10 साल हो गए हैं.''